चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 64, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 14

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 13

कांग्रेस नेता हरक रावत की बहू अनुकृति गुसाईं ने भाजपा का थामा दामन

संवाददाता, देहरादून

- ऊधमसिंह नगर की जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार व उनके पति भी गए भाजपा में हुए शामिल

अमृत विचार : उत्तराखंड में भले ही लोकसभा चुनाव को लेकर वोटिंग हो चुकी हो, लेकिन उसके बाद भी विपक्ष के नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। अब पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इसी के साथ ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार व उनके पति सुरेश गंगवार ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली।

पूर्व मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। वहीं मतदान से पहले भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। अनुकृति 2022 में लैंसडाउन से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ी थी। उधर, उधमसिंह नगर से जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति सुरेश गंगवार ने भी मतदान से कुछ दिनों पहले कांग्रेस छोड़ दी थी। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अनुकृति, रेनू व उनके पति को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75% अंक होने चाहिए।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

एक नजर

रिक्तियों को लेकर एनजीटी ने स्पष्टीकरण मांगा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों (केंद्र शासित प्रदेशों में) के सदस्य सचिवों को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया है कि राज्य बोर्डों में बड़ी संख्या में स्वीकृत पद खाली क्यों पड़े हैं? अधिकरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और क्षमता से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहा था। अधिकरण ने माना कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का कार्य कई कारणों से प्रभावित हो रहा है, जिसमें स्वीकृत पदों पर कर्मियों की कमी और विशेष रूप से तकनीकी पदों पर रिक्तियों की उच्च संख्या शामिल है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने पूर्व में दिये गये एक आदेश के बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर स्थिति दर्शाता है।

अनंतनाग में आईईडी बरामद कर किया नष्ट

श्रीनगर। अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद कर नष्ट कर दिया।

सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

भ्रष्टाचार... परिवारवाद, कांग्रेस को इन्हीं पापों की सजा दे रहा देश : मोदी

राजस्थान में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी

जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 400 लोकसभा सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज 300 सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ पा रही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और आज देश उनकी पार्टी को इन्ही पापों की सजा दे रहा है। जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

भीनमाल (जालोर) में भाजपा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्होंने अवसरवादी ''इंडी एलायंस'' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में किया घोटाला

मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है जो घोटाले की जांच भी कर रही। अगर यहां कांग्रेस सरकार न होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।

प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

चारधाम यात्रा के लिए 11.45 लाख रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है यात्रा श्रद्धलुओं में गजब का उत्साह

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। इसीलिए इस अवधि में हेली सेवाओं की बुकिंग नहीं की गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है। इस पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

बर्फ हटाने को सेना के जवान हेमकुंड रवाना

देहरादून। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसे लेकर यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। हेमकुंड में अभी भी करीब 10 फीट तक बर्फ जमी हुई है। बर्फ हटाने के लिए सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर के ओसी कर्नल सुनील यादव ने हर सेवक सिंह व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों को बर्फ हटाने के लिए भेजा है।

कांग्रेस ने पढ़ने की उम्र में बच्चों को पकड़ा दिए तमंचे : योगी

बिलासपुर, एजेंसी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किया रैलियों को संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी जी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है।

छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। योगी ने कहा, चाहे बेटी हो या व्यापारी, केवल भाजपा ही उन सभी को सुरक्षा की पूरी गारंटी दे सकती है।

साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

गोंडा। सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली(32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपा: सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी

- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।

साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

पत्नी को किया नजरदांज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

एक दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपत्ति

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

अंबाला। पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

अहमदाबाद-ऋषिकेश योगा एक्स. के कोच में आग

संवाददाता, रुड़की

- एक घंटे बाद ट्रेन को ऋषिकेश रवाना किया गया

अमृत विचार : इकबालपुर रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह अहमदाबाद-ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस (19031) ट्रेन में ब्रेक लगाने के दौरान अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। करीब एक घंटे बाद ट्रेन को ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे घटी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कोच में आग लगते ही उसमें सवार यात्री नीचे उतर गए। उधर, आरटी सेंटर रुड़की से सूचना मिलते ही पुलिस व रेलवे स्टाफ मौके की ओर रवाना हो गए।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रीति करनवाल पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन इकबलपुर पहुंचीं। उस वक्त कोच के निचले हिस्से में आग लगी हुई थी और कोच के यात्री नीचे उतरे हुए थे। पुलिस की मदद से रेलवे कर्मचारियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने कोच के ब्रेक को भी दुरुस्त कर दिया। एक घंटे बाद ट्रेन ऋषिकेश के लिए रवाना हुई। लक्सर जीआरपी थाना अध्यक्ष संजय शर्मा के मुताबिक आग कोच के निचले हिस्से में लगी थी।

धधक रहे जंगल, धुएं के आगोश में आबादी

भीमताल के जौंस स्टेट, साततालमार्ग, भक्त्यूड़ा और चांफी के जंगल आग की चपेट में

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल क्षेत्र के जंगल इन दिनों आग की चपेट में है। जौंस स्टेट, साततालमार्ग, भक्त्यूड़ा में जंगल धधक रहे हैं, जिससे नगर का वातावरण गर्म है और हर तरफ धुआं ही धुआं है। इससे पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

रविवार की सुबह से पूरा क्षेत्र धुंए के आगोश में था। देर रात चांफी के जंगल में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार आग की लपटें इतनी अधिक थी कि दूर से दिखाई दे रही थी। भीमताल के आसपास चीड़ के पेड़ के साथ-साथ मिश्रित वन भी है। इस बार जंगल से पिरूल न उठाये जाने के कारण स्थिति और विकराल हुई है। भीमताल वन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग के करीब 70 कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कर्मचारी निराश नजर आ रहे हैं। जंगल विशेषज्ञ विपिन चंद्रा की माने तो अप्रैल व मई माह का समय पशु-पक्षियों के प्रजनन का समय होता है। जंगलों में आग से उनके अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है। आग से घौंसले, रेंगने वाले जीव, जंगली जानवर आफत में हैं। प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे हैं।

भीमताल के जंगलों में लगी आग। ● अमृत विचार

आग से कितना नुकसान हुआ है, इसके आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल भीमताल-भवाली रेंज में 10 हेक्टेयर नुकसान का अनुमान है। वास्तविक नुकसान का पता धरातल से रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा। – **विजय मिलकानी**, वन क्षेत्राधिकारी भीमताल

भीमताल झील के जल स्रोत सूखे

विभागीय लापरवाही के चलते भीमताल झील के मुख्य जल स्रोत सूख गए हैं। झील का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। विभागीय सूत्रों की माने तो लगभग एक इंच पानी लगातार कम होने से गर्मियों में पानी की समस्या विकराल रूप ले सकती है।

भवाली के जल स्रोत 60 प्रतिशत तक सूखे

जल संस्थान के मुताबिक भवाली के जल स्रोत लगभग 60 प्रतिशत सूख गए हैं। विभाग टैंकरों के माध्यम से क्षेत्र में रोस्टर के हिसाब से पेयजल आपूर्ति करा रहा है। सहायक अभियंता आरपी डोबाल ने बताया कि कई स्थान ऐसे हैं जहां मार्ग नहीं है, वहां पानी टैंकर से पहुंचाना भी मुश्किल हो रहा है। भीमताल क्षेत्र में पानी की सप्लाई करने वाले बोरिंग में लगातार पानी कम हो रहा है।

70 कर्मचारी करीब तैनात हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कर्मचारी निराश नजर आ रहे हैं

जंगल में आग लगाने वालों का विभाग को पता करना चाहिए, ताकि उस पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। हर तरफ जंगल जल रहे हैं। इससे निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में पर्यटन कारोबार भी प्रभावित होगा।
– **अखिलेश सेमवाल**, भाजपा नेता

जंगल में आग लगना चिंता का विषय है। दो वर्ष पूर्व प्रशासनिक स्तर पर प्रयास हुए थे तो हेलीकॉप्टर से पानी डाला गया था। इस बार यह प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। आग से सब कुछ नष्ट हो रहा है।
– **विपिन चंद्रा**, शिकारी

शहर की ओर बढ़ रही जंगल की आग

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आग से धधक रहे जंगल वन विभाग के साथ-साथ अब लोगों के लिए चिंता का कारण बनने लगे हैं। पिछले 24 घंटे से शहर के आसपास के जंगल में लगी आग अब शहर की तरफ बढ़ रही है। वन विभाग और दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुट हुए हैं। मंगोली, नलनी, पटवाडांगर, देवीधुरा, पापडी, दोगांव, भवाली, नथुवाखान, मुक्तेश्वर, भीमताल समेत आसपास के जंगल आग से धधक रहे हैं। जिससे अब तक हजारों हेक्टेयर वन संपदा जलकर खाक हो गई। आग के कारण जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रूख कर रहे हैं।

जंगल में आग न लगे इसको लेकर नैनीताल वन प्रभाग के अतंर्गत 70 क्रू स्टेशन बनाए गए है। साथ ही निगरानी के लिए मास्टर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत मनौरा में 10, दक्षिणी गौला में 7, बडौन में 8, कोसी में 9, नैना में 8, भवाली में 10, उत्तरी गौला में 10, नगर पालिका रेंज में 6, जबकि लीसा डिपो में 2 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। जिसमें आग का खतरा बना रहता है। इन क्षेत्रों के जंगलों को आग से बचाया जा सके, इसके लिए 280 वन रक्षकों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जंगलों की निगरानी के लिए ग्राम प्रहरियों, मंगल दलों को लगाया गया है।

नैनीताल के जंगल में लगी भीषण आग का दृश्य। ● अमृत विचार

वनों को आग से बचाने के लिए विभाग ने 70 क्रू सेंटर बनाए हैं। जिसमें करीब 210 वन रक्षक, वन दरोगा समेत अन्य कर्मी तैनात किए हैं। कई स्थानों पर आग को बुझा दिया गया है। केवल मनोरा क्षेत्र के जंगल में आग है, जिसे जल्द नियंत्रित कर लिए जाएगा।
– **चन्द्रशेखर जोशी**, डीएफओ नैनीताल

रोजाना चार से छह आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी आग को बुझाने के लिए मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रित कर रहे हैं।
– **किशोर उपाध्याय**, एफएसओ

आग से ग्रामीणों में मची अफरा तफरी

कालाढूंगी : कालाढूंगी रेंज के जंगल में लगी आग के ग्रामीण इलाके में पहुंचने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों व वन कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। बीते शनिवार को देर शाम बोर बीट में लगी आग मूसाबंगर, केसाबंगर ग्रामीण इलाकों के किनारे पहुंच गयी। जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गयी। ग्रामीण गोपाल ने वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीणों व वन कर्मियों ने कडी मशक्कत से तीन घंटे में आग पर काबू पाया। रेंजर मुकेश जोशी ने लोगों से जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग को देने की अपील की है। आग बुझाने में खुशाल सिंह, नवीन कार्की, पूरन सिंह, राजेन्द्र सिंह व वनकर्मी मौजूद रहे।

थल में बंद हो चुके स्कूल का भवन जंगल की आग से स्वाहा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कुमाऊं के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भी वनाग्नि का कहर बढ़ता जा रहा है। पिथौरागढ़ समेत जिले के बेरीनाग, झूलाघाट, गंगोलीहाट, बरम, देवलथल समेत अनेक इलाकों में जंगल धू धू कर जल रहे हैं। शनिवार की रात जिले के थल क्षेत्र में नैनीथल गांव से लगे एक जंगल में भीषण आग लग गई।

आग ने धीरे धीरे इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि वह प्राथमिक विद्यालय नैनीथल के भवन तक आ पहुंची और उसे अपनी चपेट में ले लिया। ग्राम प्रधान त्रिलोक थापा ने बताया कि यह स्कूल कोरोना काल के दौरान बंद हो चुका था। लेकिन इसका भवन अभी काफी अच्छी हालत में था। लेकिन जंगल की आग की चपेट में आने के कारण स्कूल भवन की लकड़ी की छत राख में तब्दील हो गई है।

जबकि स्कूल भवन की दीवारें भी चटख गई हैं। जबकि इसी क्षेत्र से लगे चौंसाला गांव में जंगल की आग फैलकर प्रेम सिंह, दीवान सिंह और बहादुर सिंह के आवासीय मकान के आंगन तक पहुंच गई। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। रात एक बजे तक ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे, तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को सूचना देने के बावजूद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा आग बुझाने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

दावाग्नि

- **नैनीथल गांव से लगे जंगल में लगी भीषण आग**
- **आचौंसाला गांव में घरों के पास तक पहुंची जंगल की आग**

वनाग्नि को रोकना वन विभाग के लिए बना चुनौती

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्वतीय जिलों के जंगलों में आग लगने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन वन महकमा जंगलों की आग पर काबू पाने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान के साथ ही वन्य संपदा भी जलकर राख में तब्दील हो रही है। पिछले एक महीने पहले से शुरू वनाग्नि का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

पहाड़ में वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। अकेले अल्मोड़ा जिले में अब तक हवालबाग, कसारदेवी, फलसीमा, लमगडा, पांडेखोला, स्यालीधार, चितई, धौलादेवी, भैंसियाछाना, चौखुटिया, मानिला, मौलेखाल, डोटियाल, भिकियासैंण, द्वाराहाट, रानीखेत, ताड़ीखेत, सोमेश्वर व जागेश्वर क्षेत्रों में कई हेक्टेयर वन भूमि वनाग्नि की चपेट में आ चुकी है। रविवार को भी जिले के कालीगांव, मरचूला, विश्वनाथ, आरतोला, दन्या, पाली गुणादित्य, रनमन, भटकोट समेत अनेक क्षेत्रों में दिन भर जंगल आग से धधकते रहे। जंगलों की आग के कारण इन क्षेत्रों में चारों और धुंआ ही धुंआ फैल गया है।

जिस कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों में जलन के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो गई है और दमे के रोगियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन वनाग्नि की इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग कोई ठोस पहल नहीं कर पा रहा है।

अल्मोड़ा जिले के मानिला क्षेत्र में आग से धधक रहा जंगल। ● अमृत विचार

परेशानी

- **गर्मी बढ़ने के साथ ही आग की चपेट में आ रहे जंगल**
- **धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में हो रही मुश्किल**

जैमर तोड़ वाहन लेकर फरार हुए युवक

नैनीताल : नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन में लगे जैमर को तोड़कर युवक वाहन लेकर फरार हो गए। पुलिस ने तुरंत वायरलेस पर सूचना प्रसारित की, जिसके बाद युवकों को ज्योलीकोट क्षेत्र में दबाच लिया गया। युवकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

रविवार सुबह गश्त पर निकली कोतवाली पुलिस को मालरोड में सड़क किनारे खड़ी कार दिखी। नो पार्किंग जोन में कार खड़ी होने पर पुलिस ने उस पर जैमर लगा दिया। कुछ देर बाद पुलिस दोबारा वहां पहुंची तो वाहन गायब दिखा और जैमर नाले में टूटा पड़ा था। लोगों की सूचना पर पुलिस ने वायरलेस पर वाहन के नंबर के बारे में सूचना प्रसारित की। करीब आधे घंटे बाद ज्योलीकोट पुलिस ने वाहन समेत युवकों को पकड़ लिया।

कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि बागेश्वर निवासी गोकुल मेहरा व दीपक मेहरा के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

फॉर वेस्टर्न विवि में केयू एलुमनी नेपाल चैप्टर की शुरुआत की गई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने रविवार को नेपाल के फॉर वेस्टर्न विश्वविद्यालय में कुमाऊं विवि के अलुमनाई (पूर्व छात्रों) के साथ मुलाकात कर केयू एलुमनी नेपाल चैप्टर की शुरुआत की। इस समागम ने अलुमनाई को अपने आल्मा मैटर से फिर से जुड़ने और कुविवि से डिग्री प्राप्त करने के बाद उनके अनुभवों को साझा करने का मौका दिया।

कुलपति प्रो. रावत से मुलाकात के दौरान अलुमनाई ने जहां अपनी सफलता की कहानियां साझा की, वहीं उन्होंने कुविवि की भूमिका को उनके करियर और जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण रूप से स्वीकार किया। कुलपति ने अलुमनाई की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि यह समागम कुविवि और उसके अलुमनाई के बीच मजबूत बंधन का प्रदर्शन करते हुए सफल रहा। बताया कि केयू एलुमनी नेपाल चैप्टर वर्तमान छात्रों के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, ताकि वे सफल अलुमनी के साथ अपने अनुभवों को साझा कर सकें और उनसे अपने करियर के बारे में अनमोल जानकारी प्राप्त कर सकें। कुलपति प्रो. रावत को फॉर वेस्टर्न विवि नेपाल के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जिसकी अध्यक्षता नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' करेंगे। दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर कुलपति ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के अलुमनाई (अपने पूर्व छात्रों) के साथ मुलाकात कर केयू एलुमनी नेपाल चैप्टर की शुरुआत की गई है।

बैठक में प्रतिभाग करते कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

अभिनेता करण पत्नी पूजा संग पहुंचे नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शादियों का सीजन शुरू हो गया है। नए शादी के जोड़े हनीमून मनाने सरोवर नगरी पहुंच रहे हैं। वहीं शनिवार देर रात छोटे पर्दे के अभिनेता करण शर्मा अपनी पत्नी पूजा संग हनीमून मनाने नैनीताल पहुंचे।

ये प्यार का बंधन, बा बहू और बेबी, सपनों से भरे नैना, बंदिनी, ससुराल सिमर का, पवित्र रिश्ता एक नई पहचान आदि टीवी सीरियलों में काम कर चुके मशहूर टीवी अभिनेता करण शर्मा पत्नी पूजा संग नैनीताल की हसीन वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं। करण शर्मा ने बताया की वे पहली बार नैनीताल आए हैं और यहां की हसीन वादियों को देखकर उत्साहित है। यहां आने से पहले उन्होंने कैंची धाम में नीम करौरी महाराज के दर्शन किए। जिसके बाद नैनीताल की मॉलरोड व नैनीझील की सुंदरता का लुत्फ उठाया। कहा कि नैनीताल की सुंदरता व नीम करौरी महराज के बारे में काफी सुना था। जिसके चलते शादी के बाद वे विदेश जाने के बजाय बाबा का आशीर्वाद लेने व नैनीताल की हसीन वादियों से रुबरू होने यहां आये। उनकी पत्नी अभिनेत्री पूजा सिंह ने कहा कि वे पहले भी नैनीताल आ चुकी है। यहां की सुंदरता जैसे पहले थी अब भी वैसी ही हैं।

प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते अभिनेता करण शर्मा। ● अमृत विचार

खेत में दो गुलदार दिखने से दहशत

रामनगर : बासीटीला गांव में चार दिन पहले युवक की जान लेने वाला बाघ अभी पकड़ में नहीं गया है। रविवार को गांव के मंदिर के पास दो गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की टीम ने दोनों गुलदारों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। गांव में अपने घर के पास गेहूं काट रहे तीरथ सिंह, पलविंदर ने खेतों में दो गुलदार देखे। दोनों ग्रामीण दौड़कर घर पहुंचे और गांव में सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी भानुप्रकाश हर्बोला के निर्देश पर वन दरोगा सिद्धार्थ रावत, वन आरक्षी असलम, सीटीआर का त्वरित कार्रवाई दल टीम मौके पर पहुंचा। टीम ने ड्रोन उड़ाकर गुलदारों को ट्रेस किया। वन दरोगा सिद्धार्थ रावत ने बताया कि टीम ने नर और मादा गुलदारों को फायरिंग कर जंगल की ओर भगा दिया।

अब निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने लगे लोग

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही नगर निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भीमताल में पहली बार नगर पालिका का चुनाव संपन्न होगा। जिसको लेकर वार्ड मेंबर से लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। नगर के भीतर और बाहर के आयोजनों में संभावित प्रत्याशी जाना नहीं भूल रहे हैं। बकायदा कार्यक्रमों की सूची तैयार कर वहां पहुंच रहे हैं।

जिन्हें जनता ने पहले मौका दिया वह अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख कर रहे हैं। वहीं जिन्हें मौका नहीं दिया वह अपनी भावी योजनाओं के बारे में आयोजनों में चर्चा करना नहीं भूल रहे हैं। वर्तमान में शासन स्तर पर सीटों में आरक्षण को लेकर कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन फिर भी कयास के आधार पर चर्चा हो रही है। वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष के पद के साथ-साथ नौ वार्ड हैं। जिसमें अभी तक सभी निवर्तमान सदस्यों के साथ-साथ निवर्तमान अध्यक्ष ने दावेदारी की है। कई अन्य प्रत्याशी भी गुपचुप तरीके से प्रचार करते दिख रहे हैं।

बाबा नीब करौरी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा 27 से

गरमपानी : बाबा नीब करौरी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 27 अप्रैल से 3 मई तक होगा। मंदिर प्रबंधन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। 27 अप्रैल को कथा का श्रीगणेश होगा। रोजाना कथा पाठ के साथ भजन कीर्तन होंगे। 3 जून को हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा होगा।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

बदलाव ब्रिटिशकाल से मालरोड में आवागमन का मुख्य साधन थे पैडल रिक्शा

मालरोड में ई-रिक्शों ने ली पैडल रिक्शों की जगह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर में ब्रिटिश काल से मालरोड की शान रहे पैडल रिक्शे पूरी तरह से बंद हो गये हैं। इनकी जगह अब ई-रिक्शा ने ले ली है। पैडल रिक्शों को कबाड़ में बेचा जाएगा।

अंग्रेजी शासन काल के दौरान अंग्रेजों ने यातायात संसाधनों के तौर पर सबसे पहले नैनीताल में हाथ रिक्शों की शुरूआत की थी। लंबे समय तक हाथ रिक्शों के संचालन के बाद 1942 में पैडल रिक्शों की शुरूआत हुई, शहर की मालरोड में आवागमन का मुख्य साधक बने।

नगर पालिका की ओर से लाइसेंस प्राप्त 82 रिक्शों के संचालन के लिए अलग से नियम कानून भी बनाये गए। मगर वर्तमान जरुरतों को देखते हुए 2016 में जनहित संस्था ने पैडल रिक्शों के स्थान पर ई-रिक्शा संचालन की मांग की। करीब दो वर्ष पूर्व संस्था की मांग पर विचार करते हुए नगर पालिका प्रशासन से पांच ई-रिक्शा की शुरूआत की। ई-रिक्शों की संख्या बढ़ते हुए अब 20 पहुंच गई है।

नैनीताल के माल रोड में खड़े ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

पैडल रिक्शा को संजोकर रखेगी पालिका

नैनीताल शहर में पैडल रिक्शे पूरी तरह से बंद करने के बाद पैडल रिक्शा का इतिहास जीवित रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन एक पैडल रिक्शा को सजावट कर पार्क में रखेगा।

नैनीताल में अब 20 ई-रिक्शा चलाये जा रहे हैं। दो सप्ताह के भीतर 7 ई-रिक्शा और लाए जाएंगे। सोमवार को रिक्शा किराए में बढ़ोतरी को लेकर पालिका के अधिशासी अधिकारी के साथ बैठक की जाएगी। – **नन्दा बल्लभ जोशी**, अध्यक्ष रिक्शा यूनियन

अलनीनो की वजह से उत्तराखंड के मैदानी इलाके और भी तपेंगे, बारिश होने का कोई अनुमान नहीं

हर दिन बढ़ेगा आधा डिग्री तापमान, लू रहेगी जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गर्मी का प्रकोप जारी है। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। अब हर दिन तापमान बढ़ेगा। गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी और लू का क्रम जारी रहेगा।

अलनीनो की वजह से मौसम पूरी तरह से गर्म हो गया है। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। हल्द्वानी में रविवार को सुबह से ही गर्मी रही है। दोपहर के समय तेज गर्म हवाएं भी चल रहीं हैं। लू की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लू की वजह से गर्मी और भी बढ़ रही है। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में यहां की भौगोलिक परिस्थितयों की वजह से कुछ राहत है, लेकिन यहां भी आने वाले दिनों में तापमान और भी बढ़ेगा। अनुमान है कि अब हर दिन तापमान में आधा से एक डिग्री तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। बारिश होने का कोई अनुमान नहीं है।

इधर, गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि लोग दोपहर के समय सतर्क रहें। गर्मी से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

हल्द्वानी में इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है, इससे बचने के लिए युवतियां मुंह पर चुन्नी बांध कर घर से निकल रही हैं। ● अमृत विचार

पहाड़ों में भी बढ़ रहा तापमान

हल्द्वानी : पर्वतीय इलाकों में भी तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, यह सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। अल्मोड़ा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पहाड़ों में दोपहर के समय तेज धूप निकल रही है।

नहीं सुलझा शिक्षकों की वरिष्ठता का विवाद, पदोन्नति के बिना ही रिटायर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वर्षों की सेवा के बावजूद शिक्षकों को बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि विभाग की ओर से वरिष्ठता तय करने में समय लग रहा है, जिस कारण पदोन्नति नहीं हो पा रही है। जबकि पूरे सेवाकाल में कम से कम दो पदोन्नति होनी चाहिए।

बीती 31 मार्च को जीआईसी कठघरिया से प्रवक्ता के पद से सेवानिवृत्त हुए ललित मोहन पांडे ने बताया कि पांच वर्ष तक पदोन्नति की चर्चा चलती रही, गोपनीय आख्या तक मांगी गई, लेकिन शिक्षकों के वरिष्ठता विवाद का मामला समय पर नहीं सुलझने से बिना पदोन्नति के ही उन्हें सेवानिवृत्त होना पड़ा। उन्होंने कहा कि ट्रिब्यूनल ने सरकार को शिक्षकों के वरिष्ठता विवाद के निपटारे के आदेश दिए थे, लेकिन विभाग मामले को सुलझा नहीं पाया।

> शिक्षक ही शिक्षक के खिलाफ हैं। शिक्षकों के कई मामले उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं, जिनके कारण शिक्षकों के तबादले रुके हैं। आगामी 29 अप्रैल को फिर से सुनवाई है, जिसमें शिक्षक संगठनों से विवादों को सुलझाने के लिए चर्चा की जाएगी।
> – महावीर सिंह बिष्ट, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड

जीआईसी हैड़ाखान से प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त मसरूर आलम ने बताया कि वर्ष 1994 में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) से भर्ती हुए थे, जिसके बाद वर्ष 2001 में एक पदोन्नति मिलने पर प्रवक्ता बना गए, लेकिन दूसरी पदोन्नति नहीं मिल पाई। वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हो गया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठता विवाद का निपटारा नहीं होने तक सभी के पदोन्नति पर रोक लगा दी गई है। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि पदोन्नति संबंधित कई मामले कोर्ट में हैं, जिससे शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक सहायक अध्यापक पद पर भर्ती होकर इसी पद से सेवानिवृत्त हो गए, उन्हें पूरे सेवाकाल में एक भी पदोन्नति नहीं मिली। समय पर पदोन्नति न मिलने से शिक्षकों का उत्साह कम हो जाता है, इसलिए विभाग को इस मामले का गंभीरता से समाधान करना चाहिए।

एक नजर

जहर खाने से दो युवकों की मौत

हल्द्वानी : अलग-अलग मामलों में दो युवकों ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर गटक लिया। किशनपुर सकुलिया मोटाहल्दू निवासी सौरभ जोशी (26 वर्ष) ने शनिवार शाम को विषैला पदार्थ गटक लिया। उसे उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां शनिवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर, पांडे नवाड़ आनंदपुर पंचायतघर निवासी पान सिंह ने संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ गटक लिया। इससे उसकी तबियत खराब हो गई। परिजनों ने उसे शनिवार को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई

केबल जलने से गौजाजाली में चार घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी : बरेली रोड गौजाजाली क्षेत्र के उजाला नगर बिजली उपकेंद्र में केबल फुंकने के चलते करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब दो बजे उपकेंद्र में केबल जलने के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि केबल फुंकने के चलते आपूर्ति बाधित रही, जिसे बदलने का काम कराया जा रहा है।

शराब पार्टी में हुई मारपीट, दोस्त के पिता को मारी गोली भतीजे को लगी

जिस दोस्त के घर आए उसी के घर दिया घटना को अंजाम, छत से कूद कर फरार हुआ आरोपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देहरादून से दोस्त के घर घूमने आए दोस्तों ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। शराब पीकर छत पर शोर मचा रहे दोस्तों को रोकने पर एक ने फायर झोंक दिया। गोली दोस्त के पिता पर चलाई और वह दोस्त के भतीजे को लग गई। घटना को अंजाम देने वाला युवक छत कूद कर फरार हो गया। घायल को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां ऑपरेशन के बाद परिजन उसे बरेली के निजी अस्पताल ले गए।

घायल वेदांत।

घटना शनिवार देर रात टीपीनगर चौकी क्षेत्र की आनंदपुर पंचायतघर में हुई। श्रीकृष्ण मौर्य यहां पत्नी रंजू, बेटे सुधीर, सुनील और 16 वर्षीय नाती वेदांत पुत्र सुनील के साथ रहते हैं। श्रीकृष्ण का कहना है कि करीब पांच दिन पहले सुधीर के दो दोस्त देहरादून से घूमने आए थे। इनमें से एक देहरादून तो दूसरा नेपाल का रहने वाला सुरेंद्र सिंह शाही है। शनिवार की रात दोनों दोस्त छत पर बैठ कर शराब पार्टी कर रहे थे। शराब पीकर दोनों शोर मचाने लगे। इस पर नीचे परिवार के साथ मौजूद श्रीकृष्ण ने बेटे सुधीर को छत पर भेजा। सुधीर ने दोनों को समझाने की कोशिश की तो मारपीट हो गई। जिसमें देहरादून निवासी दोस्त का सिर फट गया। बात बढ़ी तो अचानक देहरादून वाले दोस्त ने छत से नीचे छलांग लगा दी। श्रीकृष्ण ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली श्रीकृष्ण पर चलाई, लेकिन वह कुत्ता टहला रहे सुधीर के 16 वर्षीय भतीजे वेदांत को लग गई। पेट के बायीं तरफ गोली लगते ही वेदांत लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। आरोपी गेहूं के खेत से होता हुआ फरार हो गया। वेदांत को डॉ सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया गया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। आरोपी की तलाश की जा रही है। उसका मोबाइल ट्रेस किया जा रहा है, लेकिन मोबाइल बंद है।

घर की इसी छत पर चल रही थी शराब पार्टी व मौके पर फैले बर्तन।

घटना स्थल पर पड़ा खून। ● अमृत विचार

छत पर खून के धब्बे, यहां-वहां फैले हैं बर्तन

हल्द्वानी : सुधीर ने करीब एक साल पहले सुरेंद्र सिंह शाही के साथ मिलकर कपड़ों का व्यापार शुरू किया था। सुरेंद्र के जरिये ही सुधीर की दोस्ती गोली चलाने वाले से हुई थी। बताया जा रहा है कि जब मारपीट हुई तो जिन बर्तनों को चिकन बनाने और खाने के लिए इस्तेमाल किया गया था, उन्हीं से हमला किया गया। पुलिस जब छत पर पहुंची तो कई जगह खून फैला था और बर्तन यहां-वहां फैले पड़े थे।

चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया शातिर

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी में निर्माणाधीन मकान से चोरी कर रहा शातिर रंगेहाथ पकड़ लिया गया। अम्बा विहार निवासी महिपाल सिंह ने बताया कि शनिवार की रात एक युवक उनके निर्माणाधीन मकान में घुस गया। उसने लोहे के 14 रिंग, तीन होल पास, 70 कुंडे और विद्युत तार चोरी कर लिए।

मौके पर सो रहे मजदूर आवाज सुनकर उठे और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद भवन स्वामी को जानकारी दी। भव्न स्वामी ने चोरी किए सामान के साथ आरोपी को मुखानी पुलिस को सौंप दिया। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आज से जमा होंगे भवन व दुकान कर

हल्द्वानी : नगर निगम में सोमवार (आज) से भवन व दुकान कर जमा किया जाएगा। हालांकि, नए बिलों में कर में 15 प्रतिशत वृद्धि की गई है।

नगर निगम के कर व राजस्व निरीक्षक महेश चंद्र पाठक ने बताया कि निगम ने चार साल के बाद 15 प्रतिशत कर बढ़ाया है, जो आवासीय व कमर्शियल दोनों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ कर साल 2024-25 के बिलों में जोड़ा जाएगा।

ठंडे खाने को लेकर मारपीट डीजे संचालक का पैर तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शादी में ठंडे खाने को लेकर माहौल गर्म हो गया। बिजली ठेकेदार और हलवाई के बीच जमकर मारपीट हुई। डीजे तोड़ा और विरोध करने पर डीजे संचालक का पैर भी तोड़ दिया। युवकों ने वहां खड़ी कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। मामले में एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रामपुर रोड स्थित एक बारात घर में शादी समारोह चल रहा था। देर रात बारात घर में बिजली का काम कर रहा ठेकेदार हलवाई के पास ठंडे खाने की शिकायत लेकर पहुंच गया और उससे खाना गर्म करने को कहा। इस पर दोनों के बीच बहस हुई और फिर मारपीट हो गई। बिजली का ठेकेदार कमजोर पड़ा तो फोन कर उसने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में दो गाड़ियों में भरकर कई युवक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शादी समारोह के बीच मारपीट शुरू कर दी। हलवाई को पीटा, उसके सहयोगियों को पीटा और फिर डीजे में तोड़फोड़ कर दी।

यह देख डीजे संचालक ने विरोध किया तो उसका भी पैर तोड़ डाला। घटना को अंजाम देने के बाद युवक मौके से फरार हो गए। जिसके बाद एक पक्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। एसएसआई मनोज कोठारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी में कुछ युवक मारपीट करते दिख रहे हैं।

बेस में फिर हुई मारपीट पुलिस ने फटकारा

बताया जाता है कि करीब आधे घंटे तक बारातघर में उपद्रवी युवकों ने जमकर हंगामा काटा और फरार हो गए। घटना में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए तो मेडिकल के लिए रात ही बेस अस्पताल पहुंच गए। यहां दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और फिर मारपीट हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों पक्षों को फटकार कर अलग किया।

पदोन्नति की मांग को लेकर भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी : लोक निर्माण विभाग में कार्य करने वाले अनुरक्षक को वरिष्ठ अनुरक्षक पद पर पदोन्नति की मांग की गई। लोनिवि नियमित वर्कचॉर्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने शासन में ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि वरिष्ठ अनुरक्षक पद पर पदोन्नति की मांग लंबे समय की जा रही है। इसके बावजूद शासन से कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

साइबर सेल ने भाजपा नगर अध्यक्ष मदन को दिया नोटिस

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर वीडियो चलाने के मामले में पौड़ी जिला पुलिस की साइबर सेल ने रामनगर के भाजपा नगर अध्यक्ष को नोटिस जारी है। साइबर सेल ने जोशी को 23 अप्रैल को कोटद्वार कार्यालय में तलब किया है।

आरोप है कि मतदान से पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने अपने फेसबुक एकाउंट से एक वीडियो शेयर किया था। इसमें निर्माणाधीन एक बहुमंजिला भवन को गणेश गोदियाल का निर्माणाधीन रिजॉर्ट बताया था। वीडियो में गोदियाल ने चुनावी खर्चे के लिए जनता से अपील का भी उपहास उड़ाते हुए कहा गया था कि रिजॉर्ट बनवाने वाला व्यक्ति लोगों से चंदा मांगकर गुमराह कर रहा है। वीडियो में निर्माणाधीन रिजॉर्ट में चोरी की लकड़ी के उपयोग का भी आरोप लगाया गया था।

इस मामले में गोदियाल की शिकायत के बाद पौड़ी के कोटद्वार साइबर सेल ने भाजपा नेता मदन जोशी को नोटिस जारी किया है। नोटिस में जोशी को 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे तक साइबर सेल कोटद्वार कार्यालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।

उधर, मामले में भाजपा नेता मदन जोशी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए चुनाव-प्रचार में गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, लेकिन उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। सही बात करने पर पुलिस से उन्हें नोटिस भेजा है।

कार्रवाई

- गणेश गोदियाल के खिलाफ वीडियो चलाने का मामला
- 23 अप्रैल को कोटद्वार कार्यालय में किया तलब

चुनाव ड्यूटी से 23 बसें डिपो पहुंचीं

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद हल्द्वानी रोडवेज डिपो की 23 बसें रविवार को वापस डिपो पहुंच गई।

चुनाव ड्यूटी में रोडवेज की बसों के जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मैदानी रूटों के लिए बसों का संचालन समिति हो गया था, जिसके चलते मैदानी रूटों पर जाने वाली बसों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही थी। मतदान संपन्न होने के बाद बसों के लौटने का क्रम शुरू हो गया है। इधर, एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि चुनाव के लिए डिपो की ओर से भेजी गई बसों में से 23 बसें डिपो पहुंच गई हैं। वहीं सोमवार तक डिपो की सभी बसें पहुंचने की उम्मीद है।

फिर शुरू होगी गिरफ्तारी, फुटेज खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा को ढाई माह से अधिक का समय गुजर चुका है और आचार संहिता लगते ही पुलिस की कार्रवाई स्थिल पड़ गई थी। अब एक बार फिर से बनभूलपुरा में उपद्रवियों की पहचान और गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू होगा। इस मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक समेत अब तक कुल 122 लोग जेल जा चुके हैं। बड़ी बात यह है कि अब तक किसी की भी जमानत स्वीकार नहीं हुई है।

बीती आठ फरवरी को बनभूलपुरा के कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) से हिंसा भड़की थी। इस भूमि पर अवैध अतिक्रमण को ढहाने के दौरान पथराव, आगजनी, गोलीबारी और बनभूलपुरा थाने को उपद्रवियों ने फूंक दिया था। चूंकि मलिक का बगीचा पर लाइन नंबर आठ निवासी अब्दुल मलिक का दावा था तो पुलिस ने अब्दुल मलिक को ही हिंसा का मुख्य आरोपी माना। उसकी गिरफ्तारी दिल्ली से हुई और फिर उसका बेटा अब्दुल मोईद भी गिरफ्तार किया गया। कुल 122 लोग जेल गए। जिसके बाद आचार संहिता लग गई और पुलिस चुनाव में व्यस्त हो गई। पुलिस ने अब घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल के वीडियो फिर से खंगालने शुरू कर दिए हैं। बता दें कि मलिक का बगीचा में अब भी ऐसे दर्जनों घर हैं, जिन पर ताले लटके हैं। इसको लेकर कुछ समय पूर्व एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा था कि चुनाव के बाद हिंसा मामले में फिर से कार्रवाई शुरू होगी।

जमानत रद्द कराने की भी बन रही रणनीति

हल्द्वानी : नई गिरफ्तारियों के साथ पुलिस का यह भी प्रयास है कि मामले में पूर्व में बंद आरोपियों की जमानत न हो। इस मामले में मलिक समेत कई लोगों पर यूएपीए के तहत कार्रवाई हुई है। जिसकी वजह से तीन माह तक वैसे भी जमानत नहीं हो सकती। चूंकि अब जमानत का वक्त करीब आ रहा है तो पुलिस गवाहों और साक्ष्यों को नए सिरे से मजूबत करने में जुटी है। ताकि जमानत मांगने वालों को जमानत न मिले।

बनभूलपुरा हिंसा

- चुनाव संपन्न होने के बाद फिर एक्शन में पुलिस, पहचान शुरू
- मलिक समेत अब तक 122 उपद्रवी जा चुके हैं जेल

मिलेगी राहत | लोकसभा चुनाव की वजह से रुक गया था कार्य, 20 करोड़ की लागत से बननी हैं कई सड़कें

चुनाव खत्म, अब सुधरेगी शहर की सड़कों की हालत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला विकास प्राधिकरण की मदद से हल्द्वानी में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) कई सड़कों को चमकाने का कार्य कर रहा है, लेकिन लोकसभा चुनाव की वजह से सड़कों को बनाने का कार्य रोकना पड़ा। अब चुनाव खत्म होने के बाद लोनिवि शहर में 20 करोड़ की लागत से कई सड़कों को बनाएगा।

हल्द्वानी में कई सड़कें जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। शहर की कई सड़कों का स्वामित्व नगर निगम को दिया गया है। नगर निगम के पास सड़कें पहुंचने से सड़कों के हाल और बेहाल हो गए हैं। इधर, लोनिवि को जिला विकास प्राधिकरण की ओर से 20 करोड़ का बजट जारी हुआ है, जिससे शहर के मुख्य और आंतरिक मार्गों को बनाया जाएगा। इनमें वर्कशॉप लाइन से रेलवे बाजार तक की सड़क पर कार्य भी शुरू हो गया था, लेकिन आधे हिस्से में सड़क का डामर हो पाया और काम रोक दिया गया। लोनिवि के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने की वजह से अधिकारी और कर्मचारी विभागीय कामों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे थे। जिस वजह सड़कों को बनाने का कार्य रोक दिया गया था। अब फिर से सड़कों को बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

लोनिवि बनभूलपुरा, नवाबी रोड, लालाडांठ रोड, आरटीओ रोड, छड़ायल में वसुंधरा बैंक्वट हॉल वाली सड़क, मुख्य बाजार की सड़कों को बनाएगा। इन सड़कों के लिए जिला विकास प्राधिकरण की ओर से 25 प्रतिशत धनराशि दे दी गई है। शेष धनराशि विशेष सहायता पैकेज के तहत दी जाएगी।

बोले अधिकारी

> चुनाव में व्यस्तता की वजह से सड़कों का रूक गया था, लेकिन अब सड़कें बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जाएगा।
> –अशोक कुमार, ईई, लोनिवि हल्द्वानी

सड़क पर पड़े गड्ढे, जिन्हें शीघ्र भरा जाएगा। ● अमृत विचार

पहले श्रमिकों की कमी से रुका था काम

हल्द्वानी : सड़कों के निर्माण के लिए बजट आचार संहिता से पहले जारी हो गया था, लेकिन बाद में होली पर श्रमिक घर चले गए। श्रमिकों के अभाव में सड़कों का काम शुरू नहीं हो पाया। बाद में चुनाव आ गए। जिस वजह से बजट जारी होने के दो माह भी सड़कें जर्जर अवस्था में हैं।

हल्द्वानी से काठगोदाम तक जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छुट्टी के दिन पुलिस की कारगुजारी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। भीषण गर्मी में शहर की कई सड़कें जाम रहीं और कड़ी धूप में लोग तपते रहे। चुनाव के बाद सुस्त पड़ी पुलिस चौराहों से गायब रही। ऑटो और टुकटुक चालकों की मनमानी से परेशानी बनी रही। हल्द्वानी के साथ काठगोदाम में भी जाम से लोग परेशान रहे।

रविवार को रामपुर रोड से सिंधी चौराहे की ओर वन वे पर टुकटुक और ऑटो चालकों ने वाहनों को सड़क के दोनों ओर लगा दिया। जिससे जाम लगा और यह जाम रामपुर रोड से मंगलपड़ाव, सिंधी चौक, अग्रसेन चौक से होते हुए महिला अस्पताल और कोतवाली तक पहुंच गया। यहां रोडवेज के बाहर बस खड़ी होने से और भी बाधा हुई। काठगोदाम व भुटियाघाट सड़क पर वाहनों की लंबी कतार दिखी। ट्रांसपोर्टनगर से उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय को जाने वाले रास्ते में एक बड़ा ट्रक मुड़ नहीं सका और वाहनों की कतार लग गई। यहां न तो कोई चौकी का पुलिस कर्मी दिखा और न ही यातायात का सिपाही। एसपी यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि वाहनों का दबाव बढ़ने पर जाम की स्थिति रही। जाम को समय रहते खुलवा दिया था।

कोतवाली के सामने जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

बाजार में जाम लगने से लोग परेशान

मुख्य बाजार कार और टुकटुक के आने जाने का रास्ता बन गया। मुख्य सड़कें जाम होने के बाद बाजार की गलियां भी जाम हो गईं। बनभूलपुरा की ओर से बाजार में दाखिल हुई कारों और टुकटुक ने खरीदारी करने आए लोगों की परेशानी बढ़ा दी।

रामनगर में श्री हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में बाल शिव के साथ नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

बालाजी के डोले में प्रसाद वितरण करते महंत एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

राम भक्त हनुमान के जयकारों से गूंजी राम नगरी

श्री हनुमान जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, कलाकारों ने झांकियों से मोहा मन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : श्री हनुमान जयंती पर राम की नगरी पूरी तरह से राम भक्त हनुमान के नाम पर रंगी रही। गाजे बाजे के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में न केवल सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, बल्कि बाहर से आये कलाकारों ने सड़क पर विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकिया निकाल कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

अखाड़े बाजों के करतब के अलावा विभिन्न भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकारों ने जमकर वाह वाही लूटी। शोभा यात्रा के भक्तिमय संगीत में लोग झूमते गाते दिखाई दिए। जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। भोले शंकर, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण की झांकियों ने सबका मन मोह लिया लिया। अंत में श्री बालाजी का डोला चलता रहा, जिसमें सवार महंत डॉ. शुभम गर्ग ने लोगों को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान देवेंद्र बिष्ट, विशाल पंचुरी, विष्णु देवल, उमेश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, सोनी जोशी, प्रशांत प्रजापति, आशु कालरा, अनुज शर्मा, नवनीत शर्मा, अरुण डोरवी, सौरव सक्सेना, राकेश मौजूद रहे।

शोभायात्रा के दौरान मां दुर्गा की झांकी का प्रदर्शन करते कलाकार। ● अमृत विचार

हल्द्वानी बालाजी मंदिर में पत्रकार वार्ता करते कमेटी के पदाधिकारी।

हनुमान जयंती पर होगा दो दिन का कार्यक्रम

हल्द्वानी : रूपनगर स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर दो दिन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मंदिर में बालाजी महाराज का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अतुल गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सोमवार (आज) को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो कालाढूंगी चौराहे होते हुए जेल रोड चौराहा और मुखानी चौराहे से वापस बालाजी मंदिर पहुंचेगी। मंगलवार को माता का श्रृंगार व भंडारा होगा।

गडेरूवा में आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

भीमताल : श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार 23 अप्रैल को गडेरूवा नावली हनुमान मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन जायेगा। जानकारी देते हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य रामगढ़ लाखन नेगी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 9 गणेश पूजा, 11 बजे सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। प्रसाद वितरण शाम 3 बजे से होगा। उन्होंने भक्तों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

भगवान महावीर की भव्य पालकी यात्रा निकाली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया। रेलवे बाजार स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गयी। रजत पालकी पर सवार भगवान श्री महावीर स्वामी के रजत विग्रह का नगर भ्रमण निकाला गया। भक्तों ने जयकारों व पुष्प वर्षा से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

नगर यात्रा के दौरान जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर की पालकी की आरती उतारी। भजन मंडली के भजनों पर जैन समाज की महिलाएं व पुरुषों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दी। शाम को रेलवे बाजार स्थित श्री जैन मंदिर में आरती के बाद श्री भगवान महावीर स्वामी का पालना झुलाया गया। जैन समाज के लोग यात्रा में सबसे आगे भगवान महावीर का संदेश लिखा बैनर लेकर चल रहे थे। इस दौरान राशि जैन, अमित जैन, अभिषेक जैन, दीपक जैन, हर्षित जैन, तुषार जैन, मोहित जैन, शोभित जैन, संजीव जैन, संजय जैन, हिमांशु जैन, महेंद्र जैन, गर्व जैन, जेके जैन, भावना जैन, निधि जैन, रश्मि आदि उपस्थित रहे।

रेलवे बाजार जैन मंदिर से निकाली गई पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पांच दिन की मजदूरी मांगने पर फटकार कर भगाया

नैनीताल, अमृत विचार : शहर के मल्लीताल क्षेत्र में एक ठेकेदार ने नेपाली मजदूर से पांच दिनों तक मजदूरी करवाई। पांच दिन तक भुगतान नहीं होने पर जब मजदूर ने भुगतान की मांग की तो उसे फटकार कर भगा दिया। मजदूर ने कोतवाली पहुंच मदद की गुहार लगाई है। मूल रूप से नेपाल निवासी रेशम खत्री ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता है। ठेकेदार ने उससे काम करवाया, मगर भुगतान नहीं किया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि संबंधित ठेकेदार का पता लगवाया जा रहा है।

सार-संक्षेप

निशुल्क शिविर में मरीज की जांच करते डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी। ● अमृत विचार

निशुल्क शिविर में 115 मरीजों की जांच

हल्द्वानी : कैलाश न्यूरो सेंटर पीलीकोठी की ओर से प्रताप मेडिकल सेंटर धारानौला अल्मोड़ा में निशुल्क शिविर लगाया गया। शिविर में न्यूरो फिजिशियन डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी ने न्यूरो से संबंधित माइग्रेन, सिर दर्द, गर्दन दर्द, झनझनाहट आदि के 115 मरीजों की जांच की और ब्लडप्रेशर, शुगर इत्यादि की निशुल्क जांच करवाई। साथ ही दवाएं भी वितरित की। इस अवसर पर डॉ. जीएस बिष्ट, डॉ. यमन वर्मा, सेंटर प्रबंधक दिया कार्की, पीआरओ दयाल टम्टा, निशा सिंह, रोहित चंद्रा, नीरज सिरारी, नीलू सिरारी, रेनू लोहनी, पारस नेगी के अलावा शिखर होटल एवं जगत मोहनी फाउंडेशन का सहयोग सराहनीय रहा।

सिंचाई विभाग के तीन नलकूप खराब

हल्द्वानी : सिंचाई विभाग के तीन नलकूप खराब होने से पानी की समस्या गहरा गई है। देवल मल्ला का नलकूप बीते 4 दिनों से खराब पड़ा, जिसकी मरम्मत में अभी 5 दिन का समय और लगेगा। फतेहपुर में नलकूप की मोटर चार दिनों से खराब पड़ी है, जिसे बनाने में अभी एक सप्ताह का समय और लगेगा। वहीं हरिपुर केशव इलाके की नलकूप की मरम्मत के लिए सोमवार से कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूप की मरम्मत का काम शुरू है। फतेहपुर के नलकूप मरम्मत के लिए टीम जल्द टीम पहुंच जाएगी।

स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का दिया आश्वासन

हल्द्वानी : काठगोदाम के तुलसीनगर पॉलीशीट इलाके में बीते 2 माह से लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति में सीवर का गंदा पानी आ रहा है। जिसके विरोध में लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ बीते शनिवार को प्रदर्शन किया था। रविवार को जल संस्थान की टीम ने तुलसीनगर पॉलीशीट इलाके में पहुंचकर पानी की गुणवत्ता को चेक किया। इसके बाद पुरानी पाइप लाइन से पानी नहीं भरने को कहा। उन्होंने इसकी जगह आस्था विहार के ट्यूबेल से आ रही नई पाइप लाइन से पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद कदम समिति के पदाधिकारी व अन्य।

पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन

हल्द्वानी : सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग और कदम समिति ने एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में विभिन्न स्कूलों के 20 शिक्षक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जय अरिहंत स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. डीएस रौतेला थे। इस दौरान लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें पेड़ों का महत्व समझाया गया। शिविर में संस्था अध्यक्ष चंदन भाकुनी, उपाध्यक्ष संजय रावत, जीवन बिष्ट, शंकर कोहली रहे।

गंदगी से शिप्रा नदी के अस्तित्व पर संकट

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : शिप्रा नदी पर जगह-जगह बजबजा रही गंदगी से नदी के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। बावजूद जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। नदी को साफ सुथरा बनाए रखने के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं। नदी क्षेत्र में चलाए जा रहे सफाई अभियान भी महज फोटोग्राफी तक सिमट के रह जा रहे।

उत्तरवाहिनी शिप्रा नदी अपना एक विशेष महत्व रखती है। लोग कई धार्मिक अनुष्ठान नदी क्षेत्र में करते हैं, जबकि गरमपानी खैरना से आगे जाने के बाद उत्तरवाहिनी शिप्रा जीवनदायिनी कोसी नदी से मिल जाती है। जहां आगे जाकर नदी से कई पेयजल व सिंचाई योजनाएं भी संचालित होती हैं। गरमपानी खैरना क्षेत्र में नदी की हालत दयनीय बनी हुई है है। जगह-जगह फैली गंदगी व घरों-दुकानों से नदी क्षेत्र में छोड़े गए गंदे पानी के पाइप से पवित्र नदी अपवित्र होती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार नदी में गंदगी डालना प्रतिबंधित करने तथा नदी क्षेत्र को साफ सुथरा बनाए रखने का आह्वान किया जा चुका है, बावजूद सुध नहीं ली जा रही।

बैंक कर्मी बताकर युवती के खाते से 40 हजार उड़ाए

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : रिकोशा गांव की युवती को साइबर ठगों ने निशाना बनाकर 39 हजार 999 रुपये की ठगी कर ली। युवती व उसके परिजनों ने बैंक व चौकी खैरना में शिकायती पत्र देकर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

कमला आर्या के अनुसार बीते रोज उसके खाते से 345 रुपये निकलने का संदेश मोबाइल में प्राप्त हुआ। जानकारी जुटाने पर उसने गूगल पर बैंक ऑफ बड़ौदा कार्यालय का नंबर निकालने का प्रयास किया। एक नंबर मिलने पर उस पर फोन लगाया। दूसरी ओर से भी लगातार फोन आने शुरु हो गए। फोन कर रहे व्यक्ति ने विश्वास में लेकर एक कोड नंबर का मैसेज आने की बात कहकर नंबर बताने को कहा। जैसे ही कमला ने नंबर बताया उसके खाते से 39999 रुपये की धनराशि कट गई। युवती ने परिजनों के साथ बैक ऑफ बड़ौदा की गरमपानी शाखा पहुंचकर के बारे में बताया और बैंक व चौकी पुलिस खैरना में शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

सिंचाई नहर टूटने से काश्तकार परेशान

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : बैलपड़ाव की दर्जनों ग्राम सभाओं में सिचांई करने वाली खिचड़ी नहर टूटने से काश्तकार परेशान हैं। काश्तकारों को चारा, बगीचों की सिंचाई के लिये परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसान नेता भगवान सिंह रौतेला ने बताया कि ब्रिटिशकालीन खिचड़ी नहर बैलपड़ाव, पत्तापानी, रतनपुर, सैमलचौड़ ग्राम सभाओं के 15 गांवों की लाइफ लाइन है। सप्ताह भर पहले बैलपड़ाव से आधे किलोमीटर की दूरी पर नहर टूट गई। काश्तकार बंटी, दयाल सिंह, ललित, लक्ष्मण सिंह बोहरा, मुकेश ने बताया कि बिना पानी के पशुओं का चारा, प्याज, आम के बगीचों की सिंचाई के लिए परेशानी हो रही है।

इधर, सिंचाई विभाग के एसडीओ कैलाश चंद्र रजवार ने बताया कि जल्द ही नहर का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा।

टूटी सिंचाई नहर के पास खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

मत प्रतिशत कम होने से बढ़ी नेताओं की चिंता

गरमपानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशी की जीत की गणित लगाने में जुट गये हैं। हालांकि मतदाता अब भी चुप्पी साधे बैठा है। लोगों के अनुसार परिणाम के साथ ही सभी स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी। मतदाताओं की चुप्पी से राजनैतिक पार्टियों से जुड़े नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें जरुर गहरी कर दी हैं। गांवों में मतदान प्रतिशत कम होने के तमाम कारण बताए जा रहे हैं। कोई पलायन को मुख्य वजह मान रहा है तो कोई मूलभूत समस्याओं का समाधान न हो पाने को असल वजह मान रहा है।

कार्यालय प्रभारी वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन विभाग, अल्मोड़ा

पत्रांक : 4971/27-7 अल्मोड़ा — दिनांक : 20.04.2024

जनपद अल्मोड़ा में वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु अपील

वनाग्निकाल प्रारम्भ हो चुका है, अतः वनों की अग्नि सुरक्षा हेतु सम्मानित जनता से निम्न प्रकार अपील की जाती है :-

1. **वनाग्नि सुरक्षा हेतु निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें तथा वनों की सुरक्षा में सहभागी बनें।**
   - यदि किसी वन क्षेत्र में आग दिखाई दे तो तुरन्त इसकी सूचना निकटस्थ वन कर्मचारी या वन विभाग के रेंज कार्यालय के निकटवर्ती कन्ट्रोल रूम में दें।
   - वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने में मदद मांगने पर सहायता प्रदान करें। यदि अग्नि छोटी मात्रा में हो या दुर्घटनावश लग गयी है तो उसे तत्काल बुझा दें।
   - वन क्षेत्रों के समीप खेतों, आवासीय भवन, बगीचे, गौशाला, गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प आदि स्थानों की कम से कम 5-10 मीटर की परिधि में ज्वलनशील पदार्थ की सफाई करें।
   - यदि आप किसी को वनों में आग लगाते देखते हैं तो उसे रोकें तथा उसकी रिपोर्ट निकटवर्ती वन चौकी/पुलिस थाने में दें। भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वनों में आग लगाना दण्डनीय अपराध है।
   - आरक्षित, सिविल एवं पंचायती वनों में आग लगाने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जायेगा तथा उसकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।
2. **वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु निम्न सावधानी बरतें :-**
   - जलती बीड़ी, सिगरेट या दिया-सलाई वन क्षेत्रों में न फेंके। लापरवाही से फेंकी गई एक दिया-सलाई से आग लगने पर अनेकों पेड़-पौधे एवं वन्यजीव नष्ट हो जाते हैं।
   - जानवरों की घास के लिए वन क्षेत्रों में आग न लगायें, इससे कालान्तर में वनों को नुकसान होने की सम्भावना रहती है।
   - शादी एवं विभिन्न समारोहों के दौरान पटाखे फोडने से वनों में आग लगने की सम्भावना रहती है अतः वनों के समीप पटाखों का प्रयोग न करें।
   - पिकनिक के समय खाना बनाने के बाद जलती आग न छोड़ें इसे भली भांति बुझाकर ही जायें।
   - अपने खेतों में आड़े सुबह के समय ही जलायें तथा आड़े जलाने के पूर्व निकटस्थ वन चौकी को सूचित करें।
   - व्यक्तिगत रंजिश या शरारत से प्रेरित होकर वनों में आग लगाकर राष्ट्रीय वन सम्पदा को क्षति न करें।
3. **वनाग्नि घटित होने पर क्या करें :-**
   - नजदीकी वनाग्नि क्रू-स्टेशन को सूचित करें।
   - जब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचते तब तक स्थानीय लोगों को एकत्र कर सावधानीपूर्वक अग्नि को नियंत्रित करने का प्रयास करें।
   - मानव एवं पशुधन आदि की सुरक्षा सर्वप्रथम करें।
   - घटनास्थल पर पड़ी ऐसी चीजों को हटाने का प्रयास करें जिससे आग फैल जाने का खतरा हो।
4. **वनाग्नि सूचना हेतु महत्वपूर्ण दूरभाष नम्बर प्रकार है :-**

राज्य वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन कक्ष देहरादून टोल फ्री नं.	18001804141 फोन नं. 0135-2744558
प्रभागीय मास्टर कन्ट्रोल रूम अल्मोड़ा	9456596650, 9119051939
वनक्षेत्राधिकारी मोहान कन्ट्रोल रूम	9927375158, 7302723789
वनक्षेत्राधिकारी जौरासी कन्ट्रोल रूम	7351585466, 8057272516
वनक्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा कन्ट्रोल रूम	7906192361, 7983401189
जिला आपदा प्रबन्धन अल्मोड़ा	05962237875
वनक्षेत्राधिकारी द्वाराहाट कन्ट्रोल रूम	9410170907, 8126289077
वनक्षेत्राधिकारी सोमेश्वर कन्ट्रोल रूम	9412314937, 9411546824
वनक्षेत्राधिकारी रानीखेत कन्ट्रोल रूम	9760286426, 9634586413

वन आपके हैं, इनकी रक्षा कर अपनी भावी पीढ़ी की रक्षा करें।

(दीपक सिंह IFS)
प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट के तहत छत और धर्मशाला का होगा पुनर्निर्माण, दुकानों को अन्यत्र विस्थापित कर पार्क विकसित होगा

11 करोड़ रुपये से संवरेगा नयना देवी मंदिर, बजट स्वीकृत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : 51 शक्तिपीठों में शुमार मां नयना देवी मंदिर का शीघ्र कायाकल्प होगा। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट के तहत मंदिर शीघ्र ही नए रूप में नजर आएगा। मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए शासन से 11 करोड़ के बजट की स्वीकृति मिल गई है।

प्रोजेक्ट के तहत मंदिर की छतों, धर्मशाला के पुनर्निर्माण के साथ ही भव्य गेट निर्मित किया जाएगा। मंदिर गेट के सामने की दुकानों को अन्यत्र विस्थापित कर पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। मां नयना देवी मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसे देखते हुए सरकार ने मंदिर को मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल कर इसके कायाकल्प की योजना तैयार की है। अनुबंधित संस्था फोर कंसलटेंट व पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर का सर्वे व पदाधिकारियों से वार्ता के बाद सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट तैयार किया। जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंजूरी दे दी है। इधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि बीते माह से शासन स्तर पर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को लेकर कवायद की गई थी, जिसे मुख्य सचिव की वित्त समिति व विभागीय समिति में स्वीकृत कर लिया गया था। आचार संहिता हटने के बाद मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।



नैना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के तहत गेट के पास स्थित इन दुकानों को हटाया जाएगा। ● अमृत विचार

तिब्बती बाजार की 11 दुकानें भी होंगी विस्थापित

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि मंदिर गेट के पास 11 दुकान हैं, जिससे मंदिर के दर्शन नहीं हो पाते। प्रोजेक्ट के तहत चिन्हित की गई 11 दुकानों को अन्यत्र विस्थापित किया जाना है। मंदिर की छत सीधी की जाएगी। पुराने बैठक हॉल व धर्मशाला को ध्वस्त कर नया धर्मशाला व जूता घर बनाया जाएगा। पुराने गेट को विस्तार देकर भव्य गेट व निर्मित किया जाएगा। मंदिर में विद्युत व अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। गेट के सामने स्थित चाट पार्क क्षेत्र का भी सौंदर्यीकरण होगा। यहां फाउंटेन निर्माण और लोगों के बैठने के लिए बेंच लगेगी।

मनोनयन

नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

आनंद बत्रा बने अध्यक्ष, दीपक मनराल महामंत्री

हल्द्वानी : तिकोनिया स्थित एक होटल में पत्रकार महासंघ की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें हल्द्वानी महानगर इकाई का गठन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष अजय उप्रेती ने आनंद बत्रा को महानगर इकाई हल्द्वानी का अध्यक्ष और दीपक मनराल को महामंत्री मनोनीत किया। मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन को सुदृढ़ करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक, महामंत्री गुरमीत सिंह स्वीटी, बीडी फुलारा, परमजीत सिंह कोहली आदि पत्रकार मौजूद रहे।

चढ़ रहा पारा, गिर रहा गौला नदी का जलस्तर

काठगोदाम बैराज को मिलने वाले पानी पर संकट, बारिश न होने पर आने वाले दिनों में हो सकती है पानी की किल्लत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गर्मी बढ़ने से गौला नदी का जलस्तर लगातार गिर रहा है। जिससे काठगोदाम गौला बैराज को मिलने वाले पानी पर संकट खड़ा हो गया है। अप्रैल 2023 में गौला नदी का जलस्तर 120 क्यूसेक दर्ज किया गया था, जो इस साल गिरकर 90 क्यूसेक पहुंच गया है। बारिश न होने से आने वाले दिनों में जलस्तर में और गिरावट हो सकती है।

एक जून 2023 को काठगोदाम बैराज का जलस्तर 98 क्यूसेक दर्ज किया गया था, जो इस साल डेढ़ माह पहले ही इससे नीचे आ गया है। गौला नदी से बैराज को मिलने वाले पानी से प्रतिदिन 30 क्यूसेक पानी जल संस्थान को दिया जाता है। जिसे शीशमहल फिल्टर प्लांट में साफ कर शहर के आधे हिस्से को आपूर्ति की जाती है। गौला बैराज से गौलापार, कठघरिया, देवलचौड़ व लालकुआं को चार प्रमुख नहरें निकलती हैं। साथ ही एक नहर से पानी जलसंस्थान को दिया जाता है। हर नहर को चलाने के लिए 90 क्यूसेक पानी की जरूरत होती है। इस हिसाब से सभी नहरों को एक साथ चलाने के लिए 360 क्यूसेक पानी की जरूरत होती है। जल संस्थान को पानी देने के बाद मात्र 60 क्यूसेक पानी बचने से रोस्टर बनाकर नहरों को चलाया जा रहा है। इस वर्ष पर्याप्त बारिश न होने के कारण गौला नदी के जलस्तर में अप्रैल से ही काफी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे पेयजल संकट के साथ ही सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में लगातार कमी हो रही है।

01 सौ 20 क्यूसेक दर्ज किया गया था अप्रैल 2023 में गौला नदी का जलस्तर

30 क्यूसेक पानी जल संस्थान को दिया जाता है प्रतिदिन गौला नदी से बैराज को मिलने वाले पानी से

90 क्यूसेक पानी की जरूरत होती है हर नहर को चलाने के लिए



बारिश नहीं होने से गौला नदी में कम हुआ जलस्तर, काठगोदाम स्थित गौला बैराज में भी घटा पानी। ● अमृत विचार

पानी का प्रेशर हो जाता है कम

जलस्तर कम होने से काठगोदाम बैराज से मिलने वाले पानी का प्रेशर भी कम हो जाता है। जिससे शहर के आखिरी छोर वाले घरों व ऊंचाई पर स्थित घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। दमुवाढूंगा, बजूनिया हल्दू, गौजाजाली, तल्ली हल्द्वानी, इंदिरानगर और राजपुरा आदि क्षेत्रों में पानी की सबसे अधिक दिक्कत होती है।

13 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि होती है सिंचित

1982 से काठगोदाम बैराज से पानी की आपूर्ति शुरू हुई थी। तब से बैराज शहर के लोगों की प्यास बुझा रहा है और कृषि भूमि को भी सींचता आ रहा है। गौलापार के लिए निकली नहरों के जरिये लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है।

बोले अधिकारी

बारिश न होने व गर्मी बढ़ने से पानी का वाष्पीकरण बढ़ता जा रहा है। जिससे गौला नदी का जलस्तर गिर रहा है। इस कारण बैराज को मिलने वाले पानी में काफी गिरावट आई है। – **मनोज तिवारी**, जेई, सिंचाई विभाग हल्द्वानी

मतदान में रामनगर विधानसभा आगे, सबसे पीछे रहा लैंसडाउन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में नैनीताल सीट की तरह रामनगर का परिणाम पहले स्थान पर रहा। गढ़वाल लोकसभा की 14 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

ऐसे में रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट के रामनगर विधानसभा के मतदाताओं ने मतदान के मामले में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के निर्वाचन क्षेत्र को भी पीछे छोड़ दिया है।

गढ़वाल संसदीय सीट पर सिर्फ रामनगर विधानसभा क्षेत्र इकलौता है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। बाकी सभी 13 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 60 से नीचे रहा है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में 40 प्रतिशत ही मतदान हुआ। कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत की विधानसभा श्रीनगर में भी मतदान 53 प्रतिशत के आसपास रहा। वहीं सुबोध उनियाल के क्षेत्र में भी केवल 48 प्रतिशत मतदान हुआ।

पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट पर विधानसभावार मतदान प्रतिशत

बद्रीनाथ	55.63%	नरेंद्रनगर	48.00%
चौबट्टाखाल	40.62%	पौड़ी	46.65%
देवप्रयाग	41.78%	रुद्रप्रयाग	53.02%
कर्णप्रयाग	52.37%	श्रीनगर	53.01%
केदारनाथ	56.70%	थराली	50.89%
कोटद्वार	58.50%	यमकेश्वर	43.20%
लैंसडाउन	40.10%	रामनगर	63.76%

रानीबाग बूथ-1 फिर से साबित हुआ फिसड्डी

हल्द्वानी, अमृत विचार : काफी प्रयासों के बावजूद रानीबाग बूथ-1 काठगोदाम में पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ पाया।

निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत रानीबाग बूथ-1 में निरंतर कार्यक्रम किए गए। घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व व इसके लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई, लेकिन इसके बावजूद बीते शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में यहां केवल 27 प्रतिशत ही मतदान हो पाया। पिछली बार के लोकसभा चुनाव में भी यहां मतदान प्रतिशत इतना ही रहा था। लोकसभा चुनाव-2024 में रानीबाग बूथ-1 पर कुल मतदाताओं की संख्या 451 थी, जिनमें से 126 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह, पिछले लोकसभा चुनाव में पूरे ब्लॉक में गांधी नगर स्थित बूथ-106 पर सबसे अधिक 83.78 प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन इस बार यहां मतदान प्रतिशत काफी गिर गया। इस बार यहां 75 प्रतिशत मतदान हुआ।

आलू, प्याज, टमाटर के दामों में उछाल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आवक नहीं होने से कई सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। टमाटर, आलू, प्याज के दाम दोगुने हो गए हैं। कुछ दिनों पहले तक 16 रुपये किलो बिक रहा टमाटर अब 37 से 40 रुपये किलो बिक रहा है।

नवीन मंडी में गौलापार, कोटाबाग, चोरगलिया आदि क्षेत्रों से बीते मार्च तक टमाटर आया, लेकिन इन दिनों अहमदाबाद के टमाटर की आवक हो रही है, जिससे दाम में बढ़ोतरी हुई है। आढ़ती जीवन सिंह कार्की ने बताया कि स्वार, रामपुर से टमाटर अभी कम मात्रा में आ रहा है।

इधर, प्याज के दामों में भी इजाफा हुआ है। प्याज 15 रुपये से बढ़कर अब 35 रुपये प्रति किलो हो गया है। आढ़तियों ने बताया कि गौलापार आदि से स्थानीय प्याज आने पर कीमतों में गिरावट आएगी। आलू के दाम भी 10 रुपये से बढ़कर 20-22 रुपये किलो हो गए हैं। वर्तमान में नवीन मंडी में संभल व फर्रूखाबाद, उत्तर प्रदेश का आलू आ रहा है। आढ़ती कैलाश जोशी ने बताया कि बीते दिनों के मुकाबले लहसुन व अदरक के दाम भी बढ़े हैं। लहसुन के दाम 70 से 80 से बढ़कर 120 से 130 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। साथ ही, अदरक के दाम भी 100 रुपये से 130-140 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं।

40 रुपये किलो बिक रहा टमाटर कुछ दिन पहले तक बिक रहा था 20-25 रुपये किलो

सोमवार को समूचे विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन नगर निगम हल्द्वानी के ट्रंचिंग ग्राउंड में महीनों से कूड़ा सुलग रहा है। इससे उठ रहे जहरीले धुएं से पूरा वातावरण दूषित हो रहा है। पृथ्वी को बचाने के संदेश को नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि विभागों के जिम्मेदार अधिकारी धुएं में उड़ा रहे हैं। – **फोटो– संजय कनेरा**

हवालबाग के कई गांवों में तेंदुए की दहशत

अल्मोड़ा : जिले के हवालबाग ब्लॉक और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुए का आतंक बना हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विकास खंड के धामस, ज्योली, सूरी, शीतलाखेत, गड़स्यारी समेत आसपास के अनेक गांवों में पिछले कई दिनों से दिन दहाड़े तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में दिखाई दे रहा है। जिस कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घरों ने बाहर निकलना दूभर हो गया है। शीतलाखेत निवासी त्रिलोक सिंह ने बताया कि तेंदुआ इन गांवों में अब तक कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। जिस कारण अब क्षेत्र के पशुपालकों को भी काफी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने के लिए शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इधर वन विभाग के रेंजर मोहन राम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम संबंधित क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं।

शिक्षकों का मामला सुगम–दुर्गम सहित कई जानकारियां उपलब्ध ही नहीं, स्थानांतरण के लिए कई शिक्षक नहीं कर पाए आवेदन

अधूरी जानकारी के साथ मांग लिए स्थानांतरण के आवेदन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जनपद में शिक्षकों का अनिवार्य स्थानांतरण होना है। इसमें शिक्षकों का दुर्गम से सुगम और सुगम से दुर्गम में स्थानांतरण होगा, लेकिन शिक्षा विभाग ने अपने पोर्टल में रिक्तियों के अलावा अन्य कई जानकारी अभी तक अपलोड नहीं की है। इस वजह से कई प्राथमिक शिक्षक स्थानांतरण का प्रपत्र भी नहीं भर पाए हैं।

विभाग की ओर से 15 अप्रैल को आदेश जारी हुआ था कि 20 अप्रैल तक अनिवार्य स्थानांतरण और 30 अप्रैल तक अनुरोध स्थानांतरण के प्रपत्र भरकर भेज दें। हालांकि इस आदेश की वजह से कई शिक्षक नाराज भी हुए थे। समय सीमा पूरी हो गई, लेकिन रिक्तियों की जानकारी वेबसाइट में अपलोड नहीं हुई। जिसके चलते अधिकांश शिक्षक स्थानांतरण के प्रपत्र नहीं भर पाए हैं। यह आदेश चुनाव के दौरान जारी हुआ था।

हल्द्वानी ब्लॉक में बाबू स्तर के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में होने के कारण प्रपत्रों का आवंटन नहीं हो पाया। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा विभाग ने दुर्गम-सुगम के रिक्तियों की जानकारी तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं की है और न ही प्रपत्र जमा करने के लिए शिक्षकों को पर्याप्त समय मिला है। शिक्षकों की शिकायत है कि जब शिक्षक को दुर्गम या सुगम की रिक्तियों की जानकारी ही नहीं होगी तो आवेदन कैसे करेंगे।

दुर्गम में मौजूद शिक्षकों के पास सुगम में जाने का मौका

हल्द्वानी : नियम के अनुसार दुर्गम में न्यूनतम 3 साल और पूरे सेवाकाल में 10 साल की सेवा होने पर दुर्गम में तैनात प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक में कार्यरत शिक्षकों को स्थानांतरण के लिए विकल्पों की जानकारी के साथ आवेदन पत्र सहित प्रपत्र उपलब्ध कराने होते हैं। शिक्षकों ने बताया कि सुगम स्कूलों की जानकारी तो आसानी से मिल जाती है और हल्द्वानी ब्लॉक के स्कूलों में रिक्तियों की जानकारी भी मौखिक तौर पर मिल जाती है, लेकिन ओखलकांडा, धारी सहित अन्य दुर्गम स्कूलों की रिक्तियों की जानकारी मिलना कठिन है।

शिक्षक संगठनों ने समय बढ़ाने की मांग की है, लेकिन ब्लॉक स्तर पर इसके लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। शासन स्तर पर समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकता है। – **अंशुल बिष्ट**, उप जिला शिक्षा अधिकारी

विभाग ने आधी जानकारी के साथ स्थानांतरण के लिए आवेदन जारी कर दिए हैं। सुगम–दुर्गम के स्कूलों तक की जानकारी पोर्टल में अपलोड नहीं की गई है। –**मदन बर्थवाल**, ब्लॉक अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

रिक्त पदों की भी नहीं है जानकारी

हल्द्वानी : प्रपत्र में दुर्गम या सुगम के रिक्तियों वाले 10 स्कूलों के नाम भरने हैं। स्कूलों में हेड अध्यापक और सहायक अध्यापक के रिक्त पदों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है। जिससे शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी है। शिक्षकों ने इस संबंध में विभाग के साथ पत्राचार भी किया, लेकिन अभी तक कोई आश्वासन नहीं मिला है।

जरूरी संसाधनों के लिए जूझ रहे खिलाड़ी कैसे दागेंगे गोल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बिना संसाधन के फुटबॉल खिलाड़ी गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करने को मजबूर हैं।

ये खिलाड़ी कुमाऊं के अलग-अलग जिलों से आकर एक बेहतर फुटबॉल खिलाड़ी बनने का सपना संजोय हुए हैं, लेकिन इनके लिए खेल विभाग पर्याप्त संसाधन नहीं मुहैया करा पा रहा है। शूटिंग बोर्ड, मार्कर, डमी शूट, बॉल लांचर, दस्ताने समेत अन्य संसाधनों की कमी से खिलाड़ी जूझ रहे हैं।

वहीं मिनी स्टेडियम में बने फुटबॉल छात्रावास में सभी खिलाड़ियों की रहने की व्यवस्था की गई है, लेकिन छात्रावास में खिलाड़ियों को मिलने वाला पौष्टीक भोजन भी साप्ताहिक चार्ट के मुताबिक नहीं मिल पा रहा है।

नाम न छापने की शर्त में खिलाड़ियों ने बताया कि खेल विभाग को लंबे समय से संसाधन उपलब्ध कराने की अपील की गई है, लेकिन इसके बाद भी अभी तक अभ्यास में उपयोग होने वाले संसाधनों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके चलते फुटबॉल खिलाड़ी बिना संसाधन के अभाव में अभ्यास करने को मजबूर हैं।

इधर, जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि संसाधनों की कमी को आने वाले दिनों में दूर किया जाएगा। खिलाड़ियों के आवागमन के लिए शटल बस की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों का ख्याल विभाग पूरा रख रहा है।

चार किमी. दूर अभ्यास करने जाते हैं खिलाड़ी

हल्द्वानी : मिनी स्टेडियम में फुटबॉल मैदान अभी निर्माणाधीन है। जिस वजह से फुटबॉल छात्रावास के खिलाड़ी चार किलोमीटर का सफर तय कर गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में जाने को मजबूर हैं। इस वजह से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है। पूर्व में खिलाड़ियों ने खेल विभाग से शटल बस की मांग की थी, लेकिन अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके चलते खिलाड़ियों को कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है।

सार-संक्षेप

दयाकिशन कलोनी व समर्थकों का स्वागत करते आप प्रदेश अध्यक्ष कलेर व अन्य।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता समर्थकों के साथ आप में शामिल

खटीमा : पूर्व जिला पंचायत सदस्य अधिवक्ता दया किशन कलोनी समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केके कलेर सहित कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। बता दें कि विगत छह अप्रैल को देहरादून आए पंजाब के विधायक व उत्तराखंड प्रभारी वीरेंद्र गोयल, दिल्ली के विधायक व सह प्रभारी रोहित महरोलिया और प्रदेश अध्यक्ष केके कलेर ने देवरी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दया किशन कॉलोनी को आदमी पार्टी में शामिल कराया था। आप पार्टी द्वारा लोक निर्माण विभाग परिसर में रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में पार्टी में शामिल हुए दया किशन कलोनी सहित दीपा पोखरिया, शांति देवी, नीलम, रेनू कलोनी, ललित मोहन कापड़ी का स्वागत किया और पार्टी सदस्यता ग्रहण कराई। आप में शामिल होने पर कलोनी ने कहा कि वह पार्टी के संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विकास मॉडल और उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से अमन अरोड़ा, उदय प्रताप सिंह, गिरीश जोशी, राजू सुनेजा, राज खान, नागेंद्र कुमार, सोनू खुश दिल, सुखदेव चीमा, बलजिंदर सिंह, आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में कम मतदान पर दिग्गज भी परेशान

काशीपुर : लोकसभा चुनाव में मतदान पूरा होने के बाद अब सियासी लोग जीत हार का गुणा भाग करने में जुट गए हैं। अन्य विधानसभाओं के मुकाबले काशीपुर में हुए कम मतदान को राजनीतिक दिग्गजों की परेशानी बन गई है। काशीपुर में कुल 173761 मतदाताओं में से 101278 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिस कारण काशीपुर में मतदान का प्रतिशत 60 का आंकड़ा भी नही छू पाया। काशीपुर में 58 .29 प्रतिशत ही मतदान हुआ, जबकि अन्य सभी विधानसभाओं में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। जिनमें सबसे अधिक मतदान सितारगंज विधानसभा में 71 .44 प्रतिशत मतदान हुआ। काशीपुर में हुए सबसे कम मतदान से राजनीतिज्ञ दिग्गजों की नींद भी उड़ा दी है और वह अब हार जीत का गुणा भाग करने में लगे हुए है। साथ ही कम मतदान को लेकर विचार विमर्श भी कर रहे है। कम मतदान का कारण लोग गेहूं की कटाई और शादियों के सीजन का होना भी मान रहे है। कम मतदान को लेकर लोगों में भी तरह-तरह की चर्चाएं देखने को मिल रही हैं। उधर प्रत्याशियों की हार जीत का फैसला चार जून को देखने को मिलेगा।

अग्नि सुरक्षा को लेकर इंस्टीट्यूट के छात्रों को जागरूक करते फायर कर्मी।

अग्नि सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करना सिखाया

काशीपुर : रामनगर रोड स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम के पास स्थित नेविगेटर द स्टडी प्वाइंट इंस्टीटड्यूट में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अग्निशमन प्रभारी अधिकारी गोविंद राम आर्य के दिशा निर्देशन में फायर कर्मियों ने इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी तथा अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही अग्निशमन सेवा सप्ताह के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी। संस्थान के निदेशक सहादत हुसैन व मोबीन अहमद ने बताया कि अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी छात्रों के देने से वह अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकते है। साथ ही उन्होंने फायर कर्मियों का आभार भी जताया।

श्रद्धा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में रही टॉपर

काशीपुर : कुमाऊं यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित बीकॉम फाइनेंशियल अकाउंटिंग के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज की छात्रा श्रद्धा गंभीर ने 72 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के ही युवराज सिंह 66 .4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे और हर्षिता 63 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा पलक ने 61 प्रतिशत, विराज 57 .2 प्रतिशत, नीरज कुमार 57 .2 प्रतिशत, हरनूर 57 प्रतिशत, आदित्य 58 प्रतिशत, जसकरण 61 प्रतिशत व कुलश्रेष्ठ 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, कॉलेज सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, इंस्टीट्यूशन हेड प्रतिमा सिंह, डायरेक्टर मनोज मिश्रा, रजिस्ट्रार सतीश कांडपाल एवं सभी शिक्षकों द्वारा उन्हें बधाई।

स्क्रैप उठान में रंगदारी का ऑडियो वायरल होने से हड़कंप

पूर्व सभासद ने लगाए विधायक के करीबियों पर तमाम आरोप, शहर की राजनीति गरमाई, दोनों पक्ष एक-दूसरे को घेरने में जुटे

आरोप-प्रत्यारोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : भदईपुरा के पूर्व सभासद व हिस्ट्रीशीटर और विधायक के करीबी के स्क्रैप उठान को लेकर वायरल हुए ऑडियो ने शहर की राजनीति गरमा दी है। ऑडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

बताते चलें कि भदईपुरा के रहने वाले पूर्व सभासद राजेश गंगवार और स्थानीय विधायक किरन विर्क की बातचीत की एक ऑडियो वायरल हुई है, जिसमें दोनों लोग सिडकुल में स्क्रैप उठान को लेकर वार्ता कर रहे हैं। पूर्व सभासद का कहना था कि उसने स्क्रैप खरीदा था तो गुर्गे भेजकर स्क्रैप का ट्रक क्यों रोका गया। जिस पर किरन का कहना था कि स्क्रैप कारोबार में वह पिछले कई सालों से 33 फीसदी का हिस्सेदार है और मामला विधायक के संज्ञान में है। इसके अलावा 33 फीसदी हिस्सेदारी की जानकारी विधायक को भी है। बातचीत में कई बार स्थानीय विधायक का नाम सामने आने के बाद शहर की राजनीति में भूचाल आ गया। पूर्व सभासद का कहना है कि मौजूदा विधायक के संरक्षण व इशारे पर गुर्गे स्क्रैप कारोबार के अलावा सिडकुल इलाके में होने वाले कामों में गुंडई व विधायक के नाम का खौफ बनाकर 33 फीसदी जबरन हिस्सेदारी का दावा कर रंगदारी कर रहे हैं। जबकि स्क्रैप उठान में विधायक के करीबियों की कोई हिस्सेदारी नहीं बनती है। पूर्व सभासद व विधायक के करीबी की ऑडियो वायरल होने के बाद शहर की राजनीति गरमा गई है और राजनीति आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

करोड़ों का स्क्रैप व सरिया चोरी में विधायक के करीबियों का नाम सामने आया

रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि विधायक का चुनाव हारने के बाद रुद्रपुर में गुंडाराज कायम होता जा रहा है। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में करोड़ों की सरिया चोरी का मामला हो या फिर सिडकुल में करोड़ों का स्क्रैप चोरी का मामला, इन सभी प्रकरणों में कहीं न कहीं विधायक के करीबियों का नाम सामने आया है। बावजूद पुलिस जांच के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा कई अनगिनत घटनाएं होती रहती हैं। जिले के पुलिस अधिकारी और स्थानीय सत्ताधारी जनप्रतिनिधि अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। बावजूद वह ऐसे प्रकरणों को उठाते रहेंगे।

राजकुमार ठुकराल।

रंगदारी और गुंडई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कठोर कार्रवाई की जाएगी

रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा ने कहा कि शहर का नामी गिरामी हिस्ट्रीशीटर जिस पर गैंगस्टर, हत्या, लूट डकैती जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह हिस्ट्रीशीटर खुद किरन विर्क को कॉल करता है और रंगदारी वसूलने के लिए धमकाता है। जब हिस्ट्रीशीटर राजेश गंगवार कोई कारोबारी नहीं है और जब किरन के पार्टनर ने 17 अप्रैल को शिकायती पत्र दिया। बावजूद पेशबंदी के लिए पूर्व सभासद ने ऑडियो वायरल कर विधायक को बदनाम करने की साजिश रची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ऐसे हिस्ट्रीशीटर की रंगदारी व गुंडई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

शिव अरोरा।

एक-दूसरे के खिलाफ सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऑडियो वायरल होने के बाद भदईपुरा के पूर्व सभासद राजेश गंगवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने मित्र से सिडकुल का स्क्रैप खरीदा था। 10 अप्रैल की सुबह 11 बजे जब स्क्रैप का ट्रक निकलने लगा तो भी दो गाड़ियों में युवक आए और स्क्रैप की गाड़ी नहीं निकलने दी। जब पूछा तो बताया कि पहले विधायक या फिर उनके करीबी किरन को 33 फीसदी हिस्सा देना होगा।

पूर्व सभासद का आरोप था कि विधायक के संरक्षण में उनके करीबी गुंडई कर बेवजह उनके स्क्रैप कारोबार में रंगदारी मांग रहे हैं। जब इस संबंध में फोन कर पूछा तो बार-बार विधायक का नाम लेकर 33 फीसदी हिस्सेदारी देने का दबाव बनाया। जब वह स्क्रैप का कारोबार कई सालों से कर रहे हैं। पूर्व सभासद ने विधायक पर कई आरोप लगाए। उधर, दूसरे पक्ष के ओमेक्स कॉलोनी के रहने वाले मोहन स्वरूप का आरोप था कि वह वर्ष 2020 में से क्षितिज सेतिया के साथ मिलकर स्क्रैप का कारोबार कर रहे हैं। वर्ष 2023 में तीन पार्टनर बने। तीनों ने आपसी सहमति पर स्क्रैप का धंधा शुरू कर दिया। आरोप था कि हत्या के मामले में जेल से छूटने के बाद भदईपुरा के हिस्ट्रीशीटर एवं पूर्व सभासद राजेश गंगवार 10 अप्रैल को अचानक आरोपी ने ओवरटेक कर उसकी कार को रोका और जबरन गाड़ी में बैठने के बाद तमंचा निकालकर प्रतिमाह पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने लगा। फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप लगाया कि पूर्व सभासद एक हिस्ट्रीशीटर है और जिस पर पार्षद धामी हत्याकांड के अलावा यूपी-उत्तराखंड में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं और हिस्ट्रीशीटर की सूची में शुमार है। हिस्ट्रीशीटर की धमकी के बाद उसकी जान को खतरा बना हुआ है। पूर्व सभासद और दूसरे पक्ष के मोहन स्वरूप ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

विधायक को हिस्सा न दिया तो काम नहीं होने दिया जाएगा

पूर्व सभासद राजेश गंगवार ने कहा कि मेरे एक दोस्त का स्क्रैप का टेंडर हुआ था। उसने मुझे स्क्रैप को थोक पर बेच दिया और जब माल निकलने लगा तो कुछ युवक आकर किरन व विधायक से बात करने की बात कहकर धमका कर चले गये। जब किरन को कॉल किया तो किरन का कहना था कि इसमें विधायक का 33 फीसदी हिस्सा है। विधायक को हिस्सा नहीं देने पर कोई भी काम नहीं होने दिया जाएगा। आरोप था कि विधायक के गुर्गे सिडकुल की सारी कंपनियों में उगाही करते हैं। उगाही नहीं देने पर सरकारी मशीनरी भेजकर दबाव या फिर धमकाया जाता है। जिसकी ऑडियो भी उनके पास है।

राजेश गंगवार।

ऑडियो से विधायक को बदनाम करने की साजिश

ऑडियो जारी कर्ता किरन विर्क ने कहा कि वर्ष 2020 से क्षितिज सेतिया सिडकुल में स्क्रैप का कारोबार कर रहे हैं और वर्ष 2011 से उनके पारिवारिक मित्र मोहन स्वरूप भी पार्टनर बन गए। कई सालों से सहज तरीके से कारोबार कर रहे थे कि जेल से छूटने के बाद हिस्ट्रीशीटर द्वारा धमकाने का मामला संज्ञान में आया। बावजूद 17 अप्रैल को पूर्व सभासद व हिस्ट्रीशीटर द्वारा कॉल की और स्क्रैप के कारोबार को खुद का बताते हुए मित्र की पार्टनरशिप समाप्त करने के लिए धमकाने के अंदाज में बातचीत शुरू कर दी। बातचीत की ऑडियो बनाकर विधायक को बदनाम करने की साजिश रची, जबकि ऑडियो में मामला विधायक के संज्ञान में है। बोला गया था ऐसे में पूर्व सभासद के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

किरन विर्क।

दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर: विगत दिनों ग्राम लंबाखेड़ा में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्राम लंबाखेड़ा निवासी नवाब पुत्र शराफत ने बताया कि 11 अप्रैल की सुबह वह पुत्र के साथ ईदगाह गया था, जहां पर गांव के ही रफीक हाजी, सरफराज, रियाज, इसरार, सुल्तान पुत्र रफीक हाजी भी मौजूद थे। इस दौरान उसके पुत्र का रफीक हाजी के पुत्रों के साथ विवाद हो गया था। बाद में वह अपने पुत्र शाहनवाज, तालिफ व रेहान के साथ दरगाह में दुआ मांगने गए। आरोप है कि वहां पर रफीक हाजी, सरफराज, रियाज, इसरार, सुल्तान ने लाठी डंडे और कापा से प्रहार कर दिया, जिससे वह और उसका पुत्र शाहनवाज और तालिफ घायल हो गए।

हिंदू नववर्ष पर निकाली भव्य बाइक रैली

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विगत वर्षों की भांति इस बार भी राष्ट्रीय योगी सेना के पदाधिकारियों ने हिन्दूवादी संगठनों के साथ हिंदू नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा के साथ बाइक रैली निकाली। यह यात्रा ट्रांजिट कैंप के फुटबाल मैदान से निकाली गयी।

सोमवार को यह रैली ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान से होते हुए शहर के झील, तीन पानी शुक्ला फार्म, इंदिरा चौक, सब्जी मंडी के रास्ते से होते हुए गांधी पार्क में पहुंची। यहां पदाधिकारियों ने रैली का समापन किया। इस दौरान योगी सेना के मंडल अध्यक्ष हरिओम ने बताया कि हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष आरंभ होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व को बनाये रखने और धर्म की रक्षा के लिए लोगों को समाज से जोड़े रखने का कार्य योगी सेना के माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष एसपी भारद्वाज, जिला मंत्री राम अवतार, महानगर अध्यक्ष रविंद्र यादव, जिला मंत्री एमपी मौर्या, संगठन मंत्री हिमांशु सिंह, संदीप सिंह, किशन यादव, गौरव शर्मा दीपक सागर, सुनील सिंह, राजपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान से बाइक रैली निकालते राष्ट्रीय योगी सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दहेज हत्या में फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

रुद्रपुर : विगत दिनों ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि बहेड़ी बरेली निवासी उमेश कुमार पुत्र वेद प्रकाश ने तीन साल पहले बाकराबाद थाना मिलक जिला रामपुर निवासी रीता से प्रेम विवाह किया था। दोनों मछली बाजार ट्रांजिट कैंप में किराए के कमरे में रहते थे। 12 अप्रैल की रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो उमेश तो कमरे में नहीं मिला, लेकिन रीता बेसुध पड़ी मिली। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके गले में निशान मिले। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि शनिवार रात पुलिस ने दहेज हत्या में फरार चल रहे उमेश कुमार को मछली बाजार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर किया 51 यूनिट रक्त एकत्र

रुद्रपुर : श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 51 यूनिट रक्तदान किया गया। रविवार को श्री बालाजी धाम के संस्थापक हरनाम चंद ने बताया कि श्री बालाजी धाम दानपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पांच दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसके तहत ही शिविर लगाया गया है। इस मौके पर धाम के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, उपाध्यक्ष रवि बठला, महामंत्री पवन जिंदल, कोषाध्यक्ष विजय अरोड़ा, मंत्री मुकेश घई, व्यवस्थापक कैलाश राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र श्रीधर, भारत भूषण चुघ, प्रीतम अरोड़ा, राजकुमार श्रीधर, गिरीश चंद्र पांडे, सतीश हुड़िया और आमंत्रित सदस्य राजकुमार सिंघल, मोहित राजपूत, बाबूराम, रोहित अरोड़ा, चिंतन बांबा, राजेश सिंघल, मुकेश घई, अंशुल अरोड़ा, रोहित अरोड़ा, चिराग आहूजा मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष

प्लास्टिक के माइक्रो एवं नैनो पार्टिकल्स सांस और आंत से होकर लिवर, गुर्दे, फेफड़े, प्लीहा, ब्रेन और ब्लड तक पहुंच रहे

प्लास्टिक अब पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बना चुनौती

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : पृथ्वी से मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण और प्रगाढ़ संबंध है, लेकिन उसकी बढ़ती विनाशकारी गतिविधियां पृथ्वी को आहत कर रही हैं। लिहाजा पृथ्वी का समूचा पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से अनियंत्रित हो रहा है। वहीं वरदान समझा जाने वाला प्लास्टिक अब पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन गया है।

उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने बताया कि समाज में प्लास्टिक के आर्थिक व सामाजिक लाभ सहित कई महत्वपूर्ण उपयोग हैं। बावजूद इसके गंभीर पर्यावरणीय व स्वास्थ्य संबंधी परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बताया कि प्लास्टिक के माइक्रो एवं नैनो पार्टिकल्स सांस और आंत से अवशोषित होकर शरीर के लीवर, गुर्दा, फेफड़ा, प्लीहा, ब्रेन और ब्लड तक पहुंच रहे हैं। हाल के अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेंटा में माइक्रो प्लास्टिक की उपस्थिति का पता चला है। मानवीय स्वास्थ्य और प्लास्टिक को लेकर दुनियाभर में तमाम शोध चल रहे हैं। फिर भी इसके मानव स्वास्थ्य पर असर की पूरी जानकारी अभी तक अज्ञात है। जबकि देश में प्लास्टिक बंद करने के तमाम दावों और दंड प्रावधानों के बीच प्लास्टिक कचरे का दायरा दिनोंदिन बढ़ रहा है। जिसका खामियाजा यक़ीनन पृथ्वीवासियों को ही झेलना होगा। इसलिए पृथ्वी पर बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए धरातल पर कारगर प्रयासों को उतारने की दरकार है। सभी को स्वप्रेरित और जागरूक बनकर प्लास्टिक का बहिष्कार करना होगा। साथ ही प्लास्टिक के उत्पादन, उपयोग और निस्तारण के बारे में गंभीरता से कार्य करना होगा।

पृथ्वी दिवस का प्रतीकात्मक चित्र। ● अमृत विचार

प्लास्टिक में पाए जाते हैं घातक रसायन

पंतनगर : डॉ. मणिंद्र ने बताया कि यूरोपियन वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक में 16,325 रसायन होने की पुष्टि की है। इनमें से 26 फीसदी केमिकल इंसानी स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक हैं। जबकि संयुक्त राष्ट्र की पूर्व में प्रकाशित रिपोर्ट में प्लास्टिक में लगभग 13,000 रसायनों के होने की बात कही गई है। सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते दखल ने शहर के साथ सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब डेढ़ माह में बदरीनाथ और केदारनाथ में 18 टन पॉलिथीन और अन्य प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया है।

डायोक्सिन युक्त धुआं कई बीमारियों का कारक

पंतनगर : प्लास्टिक का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं होने और उसमें आग लगाने से निकलने वाला घातक डायोक्सिन युक्त धुआं कैंसर सहित फेफड़े की बीमारियों का कारण बनता है। जबकि उसके विषैले रसायनों से मृदा व जल अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्लास्टिक के सूक्ष्म कण मस्तिष्क में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले एक विशेष प्रोटीन के संपर्क में आकर पार्किंसन रोग के खतरे को बढ़ाता है। वहीं द यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको एंड हेल्थ साइंसेज के वैज्ञानिकों के अध्ययन नें पता चला है कि प्लास्टिक के महीन कण मानव के पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं।

जलवायु परिवर्तन से भी जुड़ा है प्लास्टिक

पंतनगर : प्लास्टिक तेल और गैस से उत्पन्न होता है, जबकि तेल व गैस दोनों ही जीवाश्म ईंधन हैं। अधिक प्लास्टिक उत्पादन के लिए अधिक जीवाश्म ईंधन का उपयोग पर्यावरण में ग्रीनहाउस गैसों को बढ़ाता है, जो जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने अपने एक बयान में कहा है कि पृथ्वी बीमार हो रही है और जलवायु परिवर्तन से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है।

विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य

पंतनगर : हर वर्ष वैश्विक स्तर पर 22 अप्रैल विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम प्लेनेट बनाम प्लास्टिक है। जिसका एकमात्र उद्देश्य प्लास्टिक के प्रकोप से पृथ्वी की रक्षा करना और प्लास्टिक के उत्पादन, नियंत्रित उपयोग, उचित निस्तारण एवं विकल्प के बारे में आम जनमानस में जागरूकता फैलाना है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

दो युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो संदिग्धों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। प्रतापपुर चौकी पुलिस ने प्रतापपुर गांव से अचार फैक्ट्री को जाने वाले रोड पर खाली प्लॉट से संदिग्ध अवस्था में घूमते कचनालगाजी निवासी प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू मिला। उधर थाना कुंडा पुलिस ने भी गश्त के दौरान मोहल्ला जमुना वाला, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद निवासी मेराज को चाकू सहित गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का चालान किया है।

किसान ने किया जंगल के किनारे भालू देखने का दावा

बाजपुर : बन्नाखेड़ा-बरहैनी वन सीमा से सटे ग्राम पोपुरी निवासी एक किसान ने जंगल के किनारे भालू दिखाई देने का दावा किया। इसकी जानकारी उसने गांव में आकर लोगों की दी है जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसान के अनुसार रविवार की प्रात: करीब पांच बजे वह खेत से भूसा ढो रहा था कि इसी बीच उसने इस वन्य जीव को देखा है। इस घटना की जानकारी से लोग अब सतर्कता बरतने लगे हैं और देर-सबेर अकेले खेतों पर जाने से बच रहे हैं।

बाइक चोरी के शक में युवक से पूछताछ

बाजपुर : बाइक चोरी के शक में पुलिस एक युवक से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि आरोपित किसी की बाइक लेकर घर पहुंचा तो स्वजनों को बाइक चोरी की होने का शक हुआ जिसके चलते उन्होंने पुलिस को लिखित सूचना दे दी कि उनके परिवार का युवक अपने एक अन्य साथी के साथ किसी की बाइक उठा लाया है और उससे गांव की गलियों व बाजार में इधर से उधर को दौड़ लगा रहे हैं जिसके चलते पुलिस ने शिकायत के बाद शक के आधार पर आरोपी को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। साथ ही दूसरे युवक की भी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार यदि बाइक चोरी की हुई तो मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पति की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची महिला

बाजपुर : महिला ने पति पर बेवजह गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाकर कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। रविवार को दोपहर में कोतवाली पहुंची ग्राम चकरपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति सिलाई का काम करता है और रोजाना शराब पीकर घर आता है। शराब का सेवन करने का विरोध करने पर आरोपित छोटे बच्चों के सामने गाली-गलौज व मारपीट करता है, जबकि वह दिहाड़ी-मजदूरी करके घर का खर्च चलाने में आर्थिक मदद भी करती है। कहा कि आरोपी उसके ऊपर बेवजह का शक भी करता है और मजदूरी करने न जाने पर घर खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

ड्यूटी के समय प्रतिष्ठान परिसर से बाइक चोरी

खटीमा : बनकटिया निवासी गुरदीप सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका भाई दलील सिंह शनिवार को उसकी बाइक लेकर खटीमा के एक प्रतिष्ठान में ड्यूटी करने गया था। दोपहर 12 .30 बजे से रात्रि 10 बजे तक की ड्यूटी पूरी कर जब वह बाहर आया तो वहां उसकी बाइक नहीं थी। उसने तलाश के बाद जब प्रतिष्ठान का सीसीटीवी कैमरा देखा तो पता चला कि उसकी बाइक शाम 4 .48 बजे चोरी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक का पता लगा रही है।

मझोला के परिवार से शीशगढ़ में मारपीट

शर्मनाक

▸▸ भाकियू के जिलाध्यक्ष सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शीशगढ़/ रुद्रपुर

अमृत विचार : कार का हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में शादी में शामिल होने जा रहे कार सवार लोगों को किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने साथियों के साथ कार से खींचकर जमकर पीटा। शिकायत पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊधमसिंह नगर के गांव मझोला निवासी ज्योति प्रकाश ने बताया कि शनिवार शाम को वह अपने मौसेरे भाई संजय शर्मा और भाभी के साथ ग्राम तिलमास से कार में सवार होकर शीशगढ़ के एक बरात घर जा रहे थे। धनेटा शीशगढ़ रोड पर ग्राम गिरधरपुर के पास एसआर पेट्रोल पम्प के निकट किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिलाध्यक्ष संजीव रस्तोगी से कार का हॉर्न बजाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि कहासुनी के बाद संजीव रस्तोगी ने अपने साथी शंकर लाल रस्तोगी, पप्पू, सूरज, हिमांशु व एक अन्य लड़के के साथ मिलकर कार सवारों को कार से खींचकर बेल्टों और डंडों से पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घंटों इंतजार के बाद अन्य बसों से गंतव्य को रवाना हुए यात्री, डिपो प्रबंधन ने कहा- आज से सामान्य हो जाएगी व्यवस्था

रुद्रपुर स्टेशन से समय पर बसें न मिलने से यात्री परेशान

अव्यवस्था

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मतदान से पूर्व ड्यूटी के कार्मिकों को बाहरी राज्यों से लाने के लिए रुद्रपुर डिपो से करीब 26 बस जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मांगी गयी थी। कार्मिकों को छोड़कर रविवार को बसें तक पहुंच गयी हैं, लेकिन थकान की वजह से कई रूट के चालक ड्यूटी में नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बता दें कि रुद्रपुर डिपो के बस बेड़े में 84 बसें शामिल हैं।

इसमें 42 बसें परिवहन निगम की बसें शामिल हैं, जबकि 42 बसें अनुबंधित की बसें शामिल हैं। विगत दिनों चुनाव कार्यालय ने करीब 26 बसों की डिमांड थी। इसमें 16 बसे परिवहन निगम और 10 बसें अनुबंधित की शामिल थी। ये बसें दिल्ली, लुधियाना, पटियाला, चंडीगढ़ समेत कई स्थानों की बसें शामिल थी। कार्मिकों को छोड़ने के लिए लगायी गयी बसें वापस तो आ गयी हैं, लेकिन कई चालक ड्यूटी में नहीं पहुंचे हैं। इससे रविवार को रुद्रपुर स्टेशन परिसर में यात्रियों को बस समय पर नहीं मिलने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटों इंतजार के बाद बसें स्टेशन पर पहुंची और यात्री गंतव्य की ओर रवाना हुए।

"चुनाव ड्यूटी से बसें लौट आयी हैं। थकान की वजह से कई मार्गों के चालक ड्यूटी पर नहीं पहुंचे हैं। इस कारण यात्रियों को समय पर बसें नहीं मिल पा रही हैं। सोमवार से स्थिति सामान्य हो जाएगी।
-केएस राणा, सहायक महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

"रुद्रपुर से जालंधर घर के किसी काम से जाना था। सुबह 11 बजे से रोडवेज बस का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन बस का कुछ पता नहीं चल रहा है। पता नहीं कब तक इंतजार करना पड़ेगा।
-अजय कुमार, निवासी रुद्रपुर

"जालंधर जॉब के सिलसिले में जाना था। रोडवेज परिसर में तीन घंटे से बस का इंतजार करने के बाद भी बस का अता पता नहीं है। समय पर जालंधर नहीं पहुंचा तो जॉब भी छूट सकती है।
-सुभाष कुमार, निवासी ट्रांजिट कैंप

"कपड़े का कारोबार करता हूं। इसी सिलसिले में लुधियाना जाना था, लेकिन बस नहीं मिलने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर बस नहीं मिली तो देर में गंतव्य स्थान पर पहुंचेंगे और दुकान भी बंद हो जाएगी। **-सलीम खान**, निवासी किच्छा

"शक्तिफार्म से काशीपुर धान की रोपाई के लिए मजदूर लेकर जा रहे हैं। जाने के लिए कई घंटों से बस का इंतजार कर रहे हैं। बस समय पर नहीं मिल रही है और न ही बस मिलने की जानकारी मिल रही है।
-कमलेश सरदार, निवासी शक्तिफार्म

फल-सब्जी की सप्लाई बंद करने की चेतावनी

बगवाड़ा मंडी में कारोबार की अनुमति नहीं मिलने पर व्यापारियों में आक्रोश, किच्छा बाईपास पर किया प्रदर्शन

गुस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

15 से 20 अप्रैल तक कारोबारियों से एफसीआई के सामने मैदान में कारोबार करने को कहा था, जबकि 21 अप्रैल से बगवाड़ा मंडी में ही कारोबार करने का आश्वासन दिया था

04 जून तक व्यापारियों को करना पड़ेगा इंतजार, क्योंकि लोकसभा चुनाव को लेकर बगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम बनाने के कारण क्षेत्र में आवाजाही पर रोक है

अमृत विचार : बगवाड़ा मंडी में कारोबार की अनुमति नहीं मिलने से वहां कारोबार करने वाले व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया और नाराजगी जतायी। इस दौरान व्यापारियों ने दुकान बंद कर शहर में सब्जी और फल की सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी। इस मामले को लेकर सोमवार को व्यापारी एसडीएम से मुलाकात करेंगे।

रविवार को बगवाड़ा मंडी में कारोबार करने वाले व्यापारी किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई के सामने एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारी नेता संजय जुनेजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इस कारण मंडी समिति की ओर से कारोबारियों को 15 से 20 अप्रैल तक एफसीआई के सामने मैदान में कारोबार करने को कहा था, जबकि 21 अप्रैल से बगवाड़ा मंडी में ही कारोबार करने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि कारोबारी शनिवार को मंडी समिति में सचिव से मुलाकात करने गये और मंडी सचिव को कारोबार करने की इजाजत मांग, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि पहले भी चुनाव हुए हैं, लेकिन ऐसी समस्या नहीं आती थी। इस बार व्यापारियों को 4 जून तक इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जहां कारोबार के लिए जगह दी गयी है वहां धूल उड़ रही है। इसके अलावा वहां न तो शौचालय की सुविधा है और न ही पानी की। इससे कारोबार में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार को इस मामले को लेकर एसडीएम से मुलाकात की जाएगी। समस्या का समाधान नहीं होने पर शहर में फल और सब्जी की सप्लाई पूरी तरीके से ठप कर दी जाएगी। इस अवसर पर राजीव मिड्ढा, रजत मुंजाल, सुरेश छाबड़ा, हरीश, ब्रज बिहारी, केतन गुगलानी, विरेंद्र सोनकर, अफसार अहमद, अशोक कुमार समेत कई कारोबारी मौजूद रहे।

किच्छा बाईपास स्थित एफसीआई के सामने मैदान में प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

गर्मी बढ़ते ही बिजली की खपत और मांग में वृद्धि

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : तराई में गर्मी बढ़ने के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगी है। इसके साथ ही बिजली की डिमांड भी बढ़ने लगी है। अप्रैल में बिजली की डिमांड 200 से 220 एमयू तक बढ़ गयी है। यह डिमांड मई व जून में 250 एमयू तक पहुंचने की उम्मीद है, हालांकि अभी मांग के अनुरूप में यूपीसीएल की ओर से बिजली की कटौती नहीं की जा रही है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर डिवीजन के तहत रुद्रपुर प्रथम, द्वितीय और किच्छा का क्षेत्र आता है। इस डिवीजन में उपभोक्ताओं की संख्या दो लाख के करीब है। इसमें घरेलू, कामर्शियल और इंडस्ट्रियल के उपभोक्ता शामिल हैं। वहीं पिछले एक सप्ताह से तराई में गर्मी बढ़ने के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगी है। विगत दिवस तराई का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था। गर्मी बढ़ने से लोगों ने घरों में पंखों के साथ ही एसी और कूलर भी चलाने शुरू कर दिए हैं। इससे बिजली की खपत भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार रुद्रपुर शहर में ठंड के मौसम में 200 एमयू बिजली की जरूरत होती है, जबकि मई-जून में यह डिमांड 250 एमयू तक पहुंच जाती है। अधिकारियों के अनुसार अप्रैल माह में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की डिमांड भी बढ़ने लगी है। वर्तमान में 200 से लेकर 220 एमयू तक बिजली की डिमांड बढ़ गयी है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल अभी बिजली कटौती नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति तब बनेगी जब बिजली की डिमांड बढ़ने पर आपूर्ति कम होगी और फ्रीक्वेंसी 50 हट्र्ज से घटकर 49.5 हट्र्ज तक पहुंच जाएगी। यह कटौती ऋषिकेश कंट्रोल रूम से की जाएगी।

गर्मी का असर

▸▸ अप्रैल में ही 220 एमयू तक पहुंची डिमांड, अभी मांग के अनुरूप यूपीसीएल की ओर से बिजली की कटौती नहीं की जा रही

"शहर में बिजली की डिमांड 200 एमयू से बढ़कर 200-220 एमयू पहुंच गयी है। मई-जून में यह डिमांड 250 एमयू तक पहुंच जाएगी। फिलहाल अभी बिजली की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इस कारण बिजली की कटौती नहीं की जा रही है। आने वाले दिनों में मांग के साथ बिजली की आपूर्ति कैसी रहेगी उसी के अनुसार बिजली की कटौती की जाएगी।
-शेखर चंद्र त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता, यूपीसीएल रुद्रपुर डिवीजन

ग्राम पहाड़पुर में गेहूं की क्रॉप कटिंग करते एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी। ● अमृत विचार

एसडीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कराई

बाजपुर : रविवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर में खसरा नंबर 334 प्रिंसपाल सिंह के खेत में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कराई जिसमें करीब 30 वर्गमीटर में 13 किलो 200 ग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार इसी गांव में खसरा नंबर-283 दिवान सिंह के खेत में भी गेहूं की फसल की क्रॉफ कटिंग की गई जिसमें 30 वर्गमीटर में 14 किलो 300 ग्राम उपज प्राप्त हुई है जिसके चलते क्षेत्र में इस बार 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर औसत उपज की पैदावार होने का अनुमान लगाया गया है। एसडीएम आरसी तिवारी ने बताया कि प्रति हेक्टेयर गेहूं की फसल की पैदावार की जानकारी के लिए स्थलीय निरीक्षण कर क्रॉप कटिंग करवाई गई और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी, हल्का पटवारी नवलकिशोर आदि मौजूद रहे।

कार की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

खटीमा: जगबूड़ा पुल के पास शनिवार रात कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। घसियारी मंडी टनकपुर चंपावत निवासी नीतीश वाल्मीकि 30 पुत्र मुकेश भारती शनिवार देर शाम अपनी बाइक से सितारगंज जा रहा था। उसने जगबूड़ा पुल पार किया ही था कि कार सवार ने टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद राजगीरों की सूचना पर उसे घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया।

नीतीश वाल्मीकि।

कांस्टेबल के पति ने फंदे पर लटकर दी जान

हताशा

▸▸ 11 माह पहले हुई थी शादी, घरवालों की फटकार के बाद आत्मघाती कदम उठाने की आशंका

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आदर्श कॉलोनी में शनिवार रात्रि एक विवाहित युवक ने फंदे पर लटकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वार्ड नंबर 36 निवासी 30 वर्षीय आकाश द्विवेदी पुत्र विश्वामित्र द्विवेदी परिवार के साथ रहता था, 11 माह पहले ही आकाश की शादी हुई थी। आकाश की पत्नी नैना देवी 31वीं वाहिनी पीएसी में कांस्टेबल के पद पर तैनात है।

आकाश द्विवेदी।

बताया जा रहा कि आकाश शराब पीने का आदी था। इस बात को लेकर उसके माता-पिता से अक्सर विवाद होता रहता था। संभावना जताई जा रही कि शनिवार शाम भी इसी बात को लेकर उसे फटकार लगायी होगी। इससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया होगा। जानकारी मिलने पर आनन-फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसआई पंकज सिंह महर पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। उसके गले में वी शेफ के निशान मिले। आशंका जताई कि आकाश ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है।

ट्रेन की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मी की मौत

काशीपुर : एक फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवराजपुर पट्टी निवासी 30 वर्षीय श्याम सिंह पुत्र राम सिंह बीते दो साल से पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में गेंदा सिंह के मकान में अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ किराए पर रहकर महुआखेड़ा गंज स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। बताया जाता है कि शनिवार शाम को महुआखेड़ा गंज रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 200 मीटर की दूरी पर ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन का गार्ड मृतक के शव को राज्य की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश सीमा अंतर्गत अलीगंज स्टेशन ले गया और वहां स्टेशन मास्टर की सुपुर्दगी में शव को दे दिया। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने मृतक श्याम सिंह की पहचान करके घटना की जानकारी परिजनों को दी। तब परिजन सूचना मिलने पर अलीगंज पहुंच गए और शव की पहचान श्याम सिंह निवासी ग्राम शिवराजपुर पट्टी के रूप में की। उधर परिवार के सदस्य विजेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पैगा पुलिस को दी और शव को अलीगंज से अपने निजी वाहन में लेकर पैगा चौकी पहुंचे। जहां से पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की जेब से पीरूमदारा से रोशनपुर तक का टिकट मिला है, लेकिन वह कहां गया था, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

श्याम सिंह।

आयोजन परंपरागत चौक पूजा कर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा शुरू की, इसमें कई घोड़ा बग्गियां भी शामिल रहीं

किन्नर समाज ने नया मुखिया चुनकर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: किन्नर समाज ने जसपुर में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली।

विगत दिनों किन्नर समाज की मुखिया चंदा किन्नर की मौत हो गई थी। इस पर किन्नर समाज ने अपने जसपुर स्थित आवास पर उनके स्थान पर सिमरन किन्नर को अपना मुखिया चुना। उसके बाद स्थानीय सरकारी अस्पताल के पास परंपरागत चौक पूजा की गई। चौक पूजा के बाद स्थानीय जीजीआईसी के पास से गाजे बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा शुरू हुई, जिसमें बैंड बाजे के साथ-साथ कई घोड़ा बग्गियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा नगर के सुभाष चौक, मुख्य मार्ग कोतवाली रोड, गांधी आश्रम चौराहा, अब्दुलवारी चौक होती हुई नगर के ऐतिहासिक ठाकुर मंदिर पर पहुंची। जहां किन्नर समाज ने मंदिर को घंटा भेंट किया और किन्नर समाज ने मंदिर के महंत भगवत दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला ऊधमसिंह नगर एवं अन्य क्षेत्रों के किन्नर समाज व समाज के अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जसपुर में निकाली गई किन्नर समाज की शोभायात्रा में बैंड बाजे पर थिरकते किन्नर व अन्य लोग। ● अमृत विचार

पुष्प वर्षा से किया शोभायात्रा का स्वागत

जसपुर : जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पुष्प वर्षा करने में आरएसएस के आनुषंगिक संगठन भारती के सदस्य भी मौजूद रहे। इस मौके पर संगठन के जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह चौहान पर पृथ्वी सिंह गहलौत, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार पलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं किन्नर समाज की नई मुखिया सिमरन किन्नर ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर किन्नर समाज व अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि किन्नर समाज का यहां का यह पहला कार्यक्रम है। कार्यक्रम में दिल्ली, मेरठ व हरियाणा आदि के किन्नर समाज ने भाग लिया।

अवैध खनन में लिप्त तीन डंपर सीज

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : स्थानीय प्रशासन ने अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है जिसके चलते रविवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम ने सुल्तालपुर पट्टी में नगर पंचायत के नजदीक हाईवे-74 पर खनन वाहनों को रुकवाकर उनकी सघन चेकिंग की।

इस दौरान रायल्टी व अन्य जरूरी कागजात मौके पर उपलब्ध नहीं करा पाने के चलते आरबीएम लेकर जा रहे तीन डंपरों को अवैध खनन में लिप्त मानते हुए सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन की अचानक हुई कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई का पता चलने पर कई वाहन चालक अन्य रास्तों से खनन वाहनों को लेकर फरार हो गए। एसडीएम ने साफ किया कि किसी भी कीमत पर ओवरलोडिंग व अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

बाजपुर में सीज किए अवैध खनन में लिप्त खनन सामग्री से लदे डंपर। ● अमृत विचार

आग से खेत में खड़ी गेहूं की 25 एकड़ फसल राख

यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर हुआ भीषण अग्निकांड, हवा चलने के कारण तेजी से फैली आग, कई किसानों को हुआ भारी नुकसान

नुकसान

- यूपी की दमकल टीमों के अलावा किच्छा से भी कर्मचारी पहुंचे
- अग्निकांड में करीब 13 लाख रुपये से अधिक का गेहूं जला

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : गेहूं की 25 एकड़ खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हो गया। तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। यूपी की तमाम दमकल टीमों के अलावा किच्छा से दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तेज हवा के कारण 25 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

बता दें कि यह अग्निकांड उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा पर बहेड़ी कोतवाली अंतर्गत ग्राम आमखेड़ा मजरा समरिया क्षेत्र में हुआ। अग्निकांड में महेंद्र कौर, सुखदेव सिंह, हरप्रीत सिंह, मनजीत कौर की चार एकड़, चरणजीत सिंह की ठेके पर ली गई तीन एकड़, परमजीत सिंह की चार एकड़, हजूर सिंह की 5 एकड़, जगदंबा सिंह की 5 एकड़ एवं सुखविंदर सिंह की साढे तीन एकड़ गेहूं की फसल सहित कुल 25 एकड़ फसल जल कर राख हो गई। अग्निकांड में करीब 13 लाख रुपये से अधिक का गेहूं जलकर नष्ट हो गया। सूचना के बाद दमकल की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन तेज हवा के कारण तब तक गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। हालांकि टीम ने आग को और अधिक खेतों तक फैलने से रोक दिया।

किच्छा में झोपड़ी में लगी आग को बुझाते दमकल के कर्मचारी। ● अमृत विचार

उत्तराखंड बॉर्डर पर गेहूं की फसल में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

आग से झोपड़ी और दुकान में रखा सामान जला

किच्छा : आग लगने से झोपड़ी और चाय की दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जल गया। घटना में एक बकरी तथा चार मुर्गियां जल गईं जबकि एक बकरी गंभीर रूप से झुलस गई है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस तथा दमकल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। कोतवाली अंतर्गत नमक फैक्ट्री रोड पर ग्राम बंडिया भट्टा, वार्ड नंबर 5, किच्छा निवासी रामवीर सिंह पुत्र दाताराम की चाय की दुकान तथा निकट स्थित झोपड़ी में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की तेज लपटें उठने लगीं। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में चाय की दुकान स्वामी रामवीर सिंह की दुकान में रखा हजारों रुपये की कीमत का सामान जलकर राख हो गया तथा झोपड़ी में एक बकरी तथा चार मुर्गियों की जलकर मौत हो गई। घटना में एक बकरी गंभीर रूप से झुलस गई। दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत ने बताया कि एमएफई से पंपिंग कर एक हौज की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया।

कूड़े के ढेरों में लगी आग को बुझाया

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के दो गांवों भगवंतपुर व निजामगढ़ में कूड़े के ढेरों में लगी आग को फायर स्टेशन जसपुर के कर्मचारियों ने बुझाया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में तत्काल दो फायर यूनिटें घटना स्थल पर पहुंची। दोनों स्थलों पर आग कूड़े के ढेर में लगी थी। दोनों स्थानों पर आग बेकाबू होने की आशंका से लोगों में हड़कंप मचा था। दोनों स्थानों पर फायर यूनिटों ने मिनी वाटर टेंडर व वाटर टेंडर की होजरील से आग पर लगातार पंपिंग कर आग को फैलने से रोका व पूर्ण रूप से बुझाया। घटनास्थल के आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जलने से बचा लिया।

जसपुर के गांव निजमगढ़ और भगवंतपुर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

जसपुर में भी गेहूं की फसल में लगी आग

जसपुर में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण व दमकल कर्मी।

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से किसान का काफी नुकसान हो गया।

रविवार को सांय करीब 4 बजे जसपुर क्षेत्र के गांव बढ़ियों वाला निवासी मेजर सिंह पुत्र बलकार सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई, जिससे गांव वासियों में अफरा तफरी व चीख पुकार मच गयी। गांव वासियों ने अपने स्तर से आग बुझानी शुरू कर दी लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके कारण आप पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में तत्काल दो फायर यूनिट घटना स्थल पहुंचीं। आग मेजर सिंह पुत्र बलकार सिंह के खेत खड़ी गेहूं के में लगी थी, जो तेजी से बढ़ती जा रही थी। फायर यूनिट द्वारा अति त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोका तथा पूर्ण रूप से बुझाया गया। लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले किसान की गेहूं की काफी फसल जल चुकी थी।

अप्रैल में ही धूप व गर्म हवाओं से लोग बेहाल

संवाददाता, काशीपुर

- न्यूनतम पारा 22 डिग्री तो अधिकतम 38 डिग्री दर्ज किया गया

अमृत विचार : अप्रैल में भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों के पसीने छूट रहे हैं। जिसे देख लोगों को गर्मी के आने वाले दिनों की चिंता सताने लगी है। उधर मौसम विभाग ने आगामी माह में तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। जिससे भीषण गर्मी पड़ेगी।

अप्रैल माह में ही गर्मी का आलम यह है कि सुबह से ही सूर्य की किरण चुभ रही हैं। दोपहर 12 बजे के बाद धूप की तपिश तेज होने से सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो रहा है। शनिवार को न्यूनतम पारा 22 डिग्री तो अधिकतम 38 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रविवार को एक डिग्री की बढ़ोत्तरी के अनुमान लगाए जा रहे है। मौसम विभाग का मानना है कि आजकल चल रही तेज हवाएं अब गर्म होकर लू में तब्दील होने लगी है। ऐसे में लोगों को घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह भी दी है। अगले सप्ताह पारा 40 डिग्री से अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। उधर चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग भी सुबह व शाम में ही घर से बाहर निकलना पसंद कर रहे है। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होगी और भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। उन्होंने मई के शुरुआत में ही 40 डिग्री से अधिक तापमान होने की संभावना भी जताई।

लपकना नदी में मिला घर से लापता युवक का शव

जसपुर : लपकना नदी से युवक का सड़ा गला शव मिला। युवक कई दिन से लापता था। रविवार को जसपुर कोतवाली क्षेत्र की खेड़ा रोड के पास नदी में शव पड़ा होने की सूचना पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में घटना के संबंध में छानबीन की तो पता चला कि यह शव जसपुर के मोहल्ला जुलाहान निवासी 40 वर्षीय युवक कामरान पुत्र आमीन का है। पुलिस ने घटना के संबंध में मृतक के परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह पिछले कई दिन से लापता था। वह नशा करने का आदी था। उन्होंने उसे मुरादाबाद के एक नशा मुक्ति केंद्र में भी रखा था। इसके अलावा वह कई वर्षों से बीमार चल रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत मिल पुलिस चौकी प्रभारी एसआई धीरज टम्टा ने बताया कि मृतक का शव सड़ी गली अवस्था में मिला। मौत के कारण का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

त्वचा रोग शिविर में 50 से अधिक मरीजों की जांच

काशीपुर : महुआखेड़ा गंज में एक नि:शुल्क त्वचा रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श व दवाइयां वितरित की गई। रविवार को महुआखेड़ागंज में चेयरमैन नसीमा बानो के सहयोग से डॉ. असीम मेहरोत्रा ने नि:शुल्क त्वचा रोग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. मेहरोत्रा ने शिविर में पहुंचे मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के त्वचा रोगों जैसे दाद, खुजली, मुंहासे, बालों का झड़ना, झाई इत्यादि बीमारियों के मरीजों को देखा। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में गर्मी से त्वचा संबंधी रोगों के बचाव की जानकारी भी दी। वहीं तली भुनी वस्तुओं से परहेज और पेय पदार्थों के अधिक सेवन की सलाह भी दी।

भगवान महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य रथयात्रा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : जैन धर्म के संस्थापक भगवान महावीर की जयंती पर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। रविवार सुबह प्रक्षालन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और दोपहर बाद भव्य रथयात्रा निकाली गई। मोहल्ला पक्का कोट स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की प्रबन्ध समिति के द्वारा रविवार की प्रातः अभिषेक, शांति धारा व पूजन पाठ का आयोजन किया गया।

इस मौके पर भगवान महावीर के आदर्श और उपदेशों को याद किया। इसके बाद मानपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें भगवान महावीर के उपदेशों पर कविता पाठ व भजन हुए। दोपहर बाद जैन समाज के द्वारा एक रथयात्रा भी निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस मौके पर समिति के महामंत्री विनय जैन, योगेश जैन, मुकेश जैन, देवेन्द्र जैन, आसित जैन, सुभाष जैन, सुरेंद्र जैन, रजत जैन, मीतू जैन, अल्का जैन, निशा जैन, कामनी जैन, सुधा जैन आदि मौजूद रहे।

भगवान महावीर जयंती पर निकाली गई रथयात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

मंदिर में खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : श्री श्याममित्र मंडल के श्रद्धालुओं की ओर से नवनिर्मित मंदिर खाटू श्याम में खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रविवार को श्याम भक्त विजय अनेजा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 राहुल चंद्रा के स्थित आवास से श्री खाटू श्याम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा में श्री खाटू श्याम के सुंदर भजनों के बीच महिला और पुरुष श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नवनिर्मित मंदिर में पंडित विजय कुमार शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस मौके पर सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष वेदराज बजाज, राजकुमार भुड्डी, सोमनाथ छाबड़ा, विजय अनेजा, गौरव बत्रा, देव चौधरी, रोबिन फुटेला, अंकुश अनेजा गोल्डी गाबा, पवन चंद्र, समन मुंजाल, डॉ राजकुमार आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

बीच बचाव करने पर चाचा ने भतीजे के सिर में मारी ईंट

बाजपुर : सगे भाइयों में विवाद में बीच-बचाव करने गए भतीजे के साथ भी चाचा ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी, जिसमें उसके चोटें आई हैं। ग्राम नरखेड़ा गड्डा कालोनी निवासी दीपक पुत्र कमल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके ताऊ ज्ञान सिंह व चाचा बबलू पुत्र चंद्रपाल के बीच में घर के बाहर रास्ते से निकलने को लेकर विवाद हो रहा था जिसमें देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। शोर-शराबा होने पर घर के अंदर भोजन कर रहे दीपक ने मौके पर पहुंचकर उनमें बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि इससे गुस्साए चाचा बबलू ने ईंट उठाकर दीपक के सिर में मार दी जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

घायल को पुलिस के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दीपक के सिर में 9 टांके आए हैं। दीपक ने चाचा बबलू के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वर्ग पहेली-47

बाएं से दाएं

1. घाव का मवाद, पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

ऊपर से नीचे

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



वर्ग पहेली -46 का हल

1 आ	दी	■	2 उ	दुं	ब	3 र
हा	■	■	थ	■	■	च
■	4 पे	5 श	ल	■	■	क
■	■	6 नि	पु	ण	7 ता	■
■	8 आ	■	थ	■	म	■
■	9 सु	त	ल	■	ले	■
■	ति	■	■	10 भें	ट	ना

सुडोकू -126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2			9	3	7	6		
				8		2		
5		9				1		
			5	6		7		
7								8
		8						3
		2				9		6
		4		5				
3		6		2	9			5

सुडोकू -125 का हल

7	9	8	1	6	3	5	2	4
4	2	5	7	8	9	3	6	1
3	6	1	5	4	2	8	9	7
8	3	2	4	9	5	7	1	6
9	5	7	6	3	1	2	4	8
6	1	4	8	2	7	9	5	3
1	7	9	3	5	6	4	8	2
5	8	6	2	7	4	1	3	9
2	4	3	9	1	8	6	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

वृष — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

मिथुन — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

कर्क — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

सिंह — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

कन्या — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

तुला — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

वृश्चिक — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

धनु — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

मकर — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

मीन — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08 .39
- सिंह इज किंग — रात : 09 .43

&pictures
- रंगबाज — सुबह : 11 .02
- गुल मकई — रात : 08 .00

SONY PIX
- द वॉक — सुबह : 11 .52
- द वॉक — रात : 09 .07

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12 .46
- द मास्क — शाम : 05 .47

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 11 .14
- गॉडफादर — शाम : 06 .40

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

समय बदला पर नहीं बदली यह परंपरा, निशुल्क ठहरने की सुविधा देने वाला उत्तराखंड का यह अकेला धाम है

पूर्णागिरि मेले में निशुल्क आवासीय सुविधा देते हैं धाम के पुजारी

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

अमृत विचार : समय की रफ्तार ने धर्म के स्वरूप को काफी बदला है। उत्तराखंड के प्रमुख धर्मस्थल मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा के तरीके में भी बड़ा बदलाव आया है। सड़क व अन्य बेहतर सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण कभी टनकपुर से ही दो दिन में पूरी होने वाली मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा अब महज कुछ घंटे में ही पूरी हो जाती है।

लेकिन इस परिवर्तन और सुविधाओं के विस्तार के बीच आस्था के इस धाम में एक चीज नहीं बदली। और वह है यहां मिलने वाली निशुल्क आवासीय व्यवस्था। आज भी इस धाम में रात में ठहरने वाले श्रद्धालु को इसके लिए एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ता। देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम का मेला चम्पावत जिले का सबसे बड़ा आध्यात्मिक धाम ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक समय तक चलने के अलावा प्रदेश के सबसे बड़े कारोबारी मेलों में से एक है। इस धाम में धर्म तो है लेकिन अर्थ की चाह नहीं। हर वर्ष होली के बाद लगभग तीन माह के सरकारी मेला अवधि में 35 से 40 लाख के बीच देश के कोने-कोने व पड़ोसी देश नेपाल से श्रद्धालु दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। इस बार होली पर्व के बाद यानी 26 मार्च से शुरू हुआ यह मेला 15 जून तक संचालित होगा। आस्था के इस मेले की सबसे बड़ी खूबी इसमें श्रद्धालुओं के लिए पुजारियों द्वारा की जाने वाली निशुल्क आवासीय व्यवस्था है। जमरानी सेलागाड़, भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक के करीब 3 किलोमीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं को रहने के लिए किराये के रूप में एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ता है। पुजारी समाज की मेला क्षेत्र में करीब 250 दुकानें हैं। ज्यादातर दुकानें प्रसाद की है। इसके अलावा भोजन और अन्य दुकानें भी हैं। इन दुकानों में श्रद्धालुओं के लिए बिस्तर से लेकर ठहरने और स्नान व शौचालय की व्यवस्था पुजारी और व्यापारी करते हैं। मां पूर्णागिरि धाम की ये निशुल्क आवासीय व्यवस्था सदियों से चली आ रही है।

चार दशक पहले तक मां पूर्णागिरि धाम के मुख्य मंदिर तक पहुंचने में टनकपुर से ही दो दिन लगते थे।पहले सड़क की कमी और अन्य सुविधाएं नहीं होने से देवी दरबार तक पहुंचने के लिए टनकपुर से पैदल आना होता था। तब सिर्फ चैत्र और शारदीय नवरात्र में मुख्य रूप से तीर्थयात्री पहुंचते थे। मां पूर्णागिरि धाम के पुजारियों का कहना है कि पूर्णागिरि के पुजारी समाज के लोग दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को यजमान मान रहने और खाने की व्यवस्था करते थे। तब से ये शुरू ये परंपरा आज भी जारी है।

मां पूर्णागिरि की प्रतिमा। ● अमृत विचार

आवास के निशुल्क इंतजाम की व्यवस्था धाम के पुजारी व यहां के व्यापारी स्वयं करते हैं। इसमें एक बदलाव यह हुआ कि ठहरने वालों को देवी को चढ़ाने के लिए प्रसाद ले जाना होता है। प्रसाद कितने का लेना है, इसकी बाध्यता नहीं है। पुजारी वर्ग के व्यापारी हर साल अधिक से अधिक सुविधाएं श्रद्धालुओं को देने का प्रयास करते हैं। **–पंडित मोहन चंद्र पांडेय**, पुजारी और व्यापारी।

धाम में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क आवास की यह व्यवस्था पुरातन प्रथा का हिस्सा है। इस प्रथा को यहां के पुजारी और व्यापारी समाज ने समय बदलने के बावजूद बरकरार रखा है। इसी वजह से अब भी दुकानों को धर्मशाला कहा जाता है। लेकिन इसमें किसी तरह का दान नहीं लिया जाता है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को सरकारी मेला व मेला समापन के बाद भी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। **–पंडित किशन चंद्र तिवारी**, अध्यक्ष, मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति।

अल्मोड़ा में प्रेशर कुकर फटने से झुलसा युवक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा बाजार में रहने वाला एक युवक रविवार सुबह खाना बनाते वक्त प्रेशर कुकर फट जाने के कारण गंभीर रूप से झुलस गया।

उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अल्मोड़ा नगर में रहने वाला तीस वर्षीय दीपक पुत्र संतोष सिंह रविवार सुबह अपने कमरे में खाना बना रहा था। अचानक जोर के धमाके के साथ गैस चूल्हे पर रखा प्रेशर कुकर फट गया। हादसे में दीपक बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में आसपास के लोग और उसके परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में ले गए। जहां उसे इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि दीपक इस हादसे में बुरी तरह झुलस गया है। फिलहाल अस्पताल में दीपक का उपचार चल रहा है।

पुलिस ने 14 बाइकों के खिलाफ की कार्रवाई

बनबसा : शारदा बैराज पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान अनियमितता पाए जाने 14 बाइक चालकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दोषपूर्ण तरीके से वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर 2 बाइकों को सीज किया गया है। साथ ही 3 बाइक चालकों का कोर्ट चालान किया गया है। इसके अलावा 9 बाइक चालकों से 5500 रुपए का नगद संयोजन शुल्क वसूला गया है।

कार दुर्घटनाग्रस्त 5 युवक जख्मी

टनकपुर : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस्तिया के पास एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रविवार शाम हुए हादसे में चालक सहित पांच लोगों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। रविवार शाम चम्पावत से टनकपुर की ओर जा रही एक कार पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए।

तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में रमेश कुमार (30) पुत्र स्वर्गीय मेवाराम निवासी वार्ड नंबर 5 रियांश होटल के पास टनकपुर, अमन शर्मा (21) पुत्र हरीश शर्मा निवासी अंबेडकर नगर वार्ड नंबर टनकपुर, अभय शर्मा (14) पुत्र नरेश शर्मा, गौरव मौर्य (19) पुत्र ओमप्रकाश निवासी अंबेडकरनगर टनकपुर और विनोद कुमार (40) पुत्र भूप सिंह निवासी शिवनगर रुद्रपुर चोटिल हो गए। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

दुर्घटनाग्रस्त कार।

अल्मोड़ा के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट, मीलों दूर से पानी ढो रहे हैं लोग

सीमित टैंकरों से पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पा रहा है पेयजल महकमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : गर्मी बढ़ने के साथ ही जिला मुख्यालय समेत ग्रामीणों कस्बों में भी पेयजल को लेकर त्राहि त्राहि मचने लगी है। पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई जा रही योजनाओं से लोगों को जरूरत के अनुसार पानी मिल ही नहीं पा रहा है। जबकि विभाग भी उपभोक्ताओं को टैंकरों से पानी की आपूर्ति करने में नाकाम ही साबित हो रहा है।

अल्मोड़ा जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां की करीब एक लाख से अधिक की आबादी को कोसी नदी से मटेला पेयजल पंपिंग योजना के जरिए पानी लिफ्ट कर पेयजल की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में नगर के अलग अलग इलाकों में प्रतिदिन पेयजल ी आपूर्ति के लिए करीब 18 से 20 एमएलडी पानी की जरूरत है। लेकिन विभाग नगर को प्रतिदिन दस एमएलडी से अधिक पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। पेयजल की सबसे अधिक किल्लत का सामना जिले ग्रामीण कस्बों के लोगों को उठानी पड़ रही है। जिले के चौखुटिया विकास खंड में करीब पांच पेयजल पंपिंग योजनाओं के होने के बाद भी तीस से अधिक ग्राम पंचायतों में पेयजल का संकट बना हुआ है।

लमगड़ा विकास खंड के भी अनेक इलाकों में लोग पेयजल की आपूर्ति ना होने से खासे परेशान हैं। यहां के लोग अब पीने के पानी के लिए स्थानीय धारों और नदियों पर ही निर्भर हैं। इस विकास खंड के लोगों को अधिकांश समय पीने के पानी की जुगत में ही खर्च हो रहा है। जिले के सल्ट विकास खंड में तो बीते एक महीने से पानी की आपूर्ति ठप है। गुलार और नैंकड़ा पैंसिया पेयजल लाइनों के जवाब देने के बाद करोड़ों रुपये की लागत से बनी कोटेश्वर-शशीखाल पेयजल योजना भी यहां के लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा कोटेश्वर पेयजल योजना के निर्माण में काफी अनियमितताएं बरती हैं। जिस कारण योजना होने के बाद भी ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

अल्मोड़ा के लमगड़ा क्षेत्र में टैंकर से पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण न हुआ तो करेंगे आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ गांव तक नहीं पहुंच रही एंबुलेंस और रसोई गैस की गाड़ी

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ के देवलथल तहसील की धुरोली काणा- सौगांव मोटर मार्ग की मरम्मत न किए जाने से स्थानीय लोगों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा है कि वह विभाग के अधिकारियों से कई बार इस मोटर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन अधिकारी ग्रामीणों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा है कि अगर अधिकारियों का यही रवैया रहा तो वह विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। जिले की देवलथल तहसील का धुरोली काणा- सौगांव मोटर मार्ग बीते वर्षों में आई आपदा के कारण जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। कई जगहों पर सड़क की सुरक्षा दीवारें ध्वस्त हो गई हैं तो कई जगहों पर भूस्खलन के कारण मलबा जमा पड़ा है। मार्ग की दुर्दशा के कारण अब सालों से गांव में न तो एंबुलेंस आ पाती है और न ही रसोई गैस की गाड़ी। जिस कारण इस गांव के लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार का कहना है कि इस मार्ग की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि इस पर दोपहिया वाहनों से सफर करना भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। कई दोपहिया वाहन चालक इस मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण गंभीर रोगियों को ऊबड़ खाबड़ रास्तों से होकर जैसे तैसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। जबकि रसोई गैस सिलेंडर समेत दैनिक प्रयोग का सामान भी ग्रामीणों को कंधों पर लादकर घर पहुंचाना पड़ता है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा है कि इस खस्ताहाल मार्ग के संबंध में विभाग के उच्च अधिकारियों से कई बार वार्ता करने के साथ लिखित शिकायती पत्र भी दिए गए हैं। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इस मार्ग का शीघ्र सुधीरीकरण नहीं किया गया तो ग्रामीणों के सहयोग से उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

मनमाना किराया वसूल रहे टैक्सी चालक

रानीखेत : लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग द्वारा रोडवेज बस व टैक्सियों का अधिग्रहण करने से क्षत्र में वाहनों की कमी हो गई है। इससे मैदानी क्षेत्र को जाने वाले यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है। टैक्सी चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

पहाड़ के अधिकांश रूटों पर रोडवेज की बसें नहीं चलने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि केमू की कुछ बसें चलने लगी हैं लेकिन पर्यटन सीजन होने से ये नाकाफी हैं। ऐसे में कई टैक्सी चालक यात्रियों से हल्द्वानी का किराया प्रति व्यक्ति 500 से 600 रुपया तक वसूल रहे हैं। इन दिनों शादियों का भी सीजन चल रहा है। जिसके चलते लोग मनमान किराया देकर टैक्सियों में जाने को मजबूर हैं। बस स्टैंड में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। अगर यहां केएमयू की बस अगर आ जाती है तो उसमें बैठने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यात्रियों को कहना है कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। साथ ही मनमाना किराया वसूलने वाले टैक्सी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ होगा आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ शिक्षा के बाजारीकरण से अभिभावकों में पनप रहा है आक्रोश

अमृत विचार : नए शिक्षा सत्र में निजी स्कूलों द्वारा फीस, किताबों और ड्रेस की खरीद के लिए की जा रही मनमानी से अभिभावकों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है। अभिभावकों ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा का बाजारीकरण किया जा रहा है।

वहीं उनकी इस कार्यप्रणाली से देश में लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम का भी खुला उल्लघंन हो रहा है। अभिभावकों ने कहा है कि अगर निजी स्कूलों द्वारा अपनी मनमानी बंद नहीं की गई तो वह निजी स्कूलों के विरोध में उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। रविवार को धर्म निरपेक्ष मंच के बैनर तले नगर में आयोजित बैठक में अभिभावकों ने कहा कि नगर के अनेक निजी स्कूलों द्वारा फीस में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। साथ ही किताबें और ड्रेस भी चुनिंदा दुकानों से खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। कहा कि निजी स्कूलों की इस मनमानी से गरीब तबके के लोग अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में अक्षम हो रहे हैं । धर्म निरपेक्ष मंच के संयोजक विनय किरौला ने कहा कि निजी स्कूलों की इस मनमानी के खिलाफ अभिभावकों के सहयोग से उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

सराहनीय कार्य करने वाले 71 कर्मी सम्मानित

▸▸ पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन, डीएम तोमर रहे मुख्य अतिथि

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान सराहनीय सेवाएं देने वाले 71 कार्मिकों को अल्मोड़ा के एसएसपी देवेंद्र पींचा ने सम्मानित किया है। निर्वाचन का कार्य सम्पन्न होने के बाद पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम में कार्मिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर और जिले के अनेक अन्य आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया। उन्होंने सभी सुरक्षा कर्मियों को उनके प्रयासों के लिए शाबासी दी और भविष्य में भी इसी तरह समर्पण के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन की नसीहत दी। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों ने विषम परिस्थितियों के बाद भी सजग रहकर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने में अपना पूरा पूरा सहयोग दिया। सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी के प्रति यह शिद्दत काबिले तारीफ है। इस दौरान एसएसपी ने चुनावों में सराहनीय सेवाएं देने वाले 71 अधिकारियों और कार्मिकों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम से पूर्व एसएसपी ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, जिला कमांडेंट होमगार्ड नितिन काकेरवाल को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत भी किया।

कार्यक्रम के आद सामूहिक प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सीओ विमल प्रसाद, नरेंद्र कुंवर, टीआर बगरेठा, दीपक पांडे, विनोद मौर्य, देवेंद्र कुमार, बिरेंद्र सिंह, भूपेंद्र मेहता, रितु कोरंगा, स्वाति बोरा, पल्लवी चौधरी, हेमलता समेत पुलिस, पीएससी, फायर व पैरा मिलिट्री फोर्स के अनेक अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी को स्मृति चिन्ह देते एसएसपी देवेंद्र पींचा।

सार-संक्षेप

ट्रेन में पड़ा मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त नहीं

टनकपुर : बरेली से टनकपुर को आ रही ट्रेन में जीआरपी के जवानों को एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। शिनाख्त न होने के कारण अधेड़ का शव उपजिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रेन 05321डेमो स्पेशल ट्रेन में जीआरपी के जवानों को एक अधेड़ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि जीआरपी ने अधेड़ को तुरंत उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. जितेंद्र जोशी ने बताया कि अधेड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव का पंचनामा भर मोर्चरी में रख दिया है।

जांच के लिए भेजा गया गल्ले की दुकानों में मिलने वाला चावल

अल्मोड़ा : काफी समय से कुमाऊं के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत जिलों में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से मिल रहे चावलों के नकली होने की शिकायतें विभाग को प्राप्त हो रही हैं। लोगों ने नकली और प्लास्टिक के चावलों की मिलावट की बात कही है। पिथौरागढ़ जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में मिल रहे चावलों के सैंपल जांच के लिए रूद्रपुर में स्थित राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पिथौरागढ़ आरके शर्मा ने बताया कि चावलों के सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद लोगों को हकीकत का पता चल जाएगा।

व्यापार मंडल चम्पावत में चलाएगा सदस्यता अभियान

चम्पावत में आयोजित बैठक में मंत्रणा करते व्यापारी।

चम्पावत : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई चम्पावत शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाएगा। जिलाध्यक्ष सतीश जोशी ने कहा कि नगर कार्यकारिणी का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने को है। नए चुनाव के मद्देनजर शीघ्र ही सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय चौधरी की अध्यक्षता और जिले के महामंत्री कमलेश राय के संचालन में रविवार को तिवारी स्वीट एंड रेस्टोरेंट में हुई बैठक में व्यापार प्रतिनिधिमंडल का सदस्य बनाए जाने के लिए जरूरी अहर्ताएं बताई गई। जिला संरक्षक एडवोकेट शंकर पांडे के सदस्यता अभियान के लिए टोली बनाने के सुझाव पर सदस्यता अभियान बनाने वाली टीम का गठन किया। टीम में ललित गोस्वामी, मंदीप सिंह, रमेश बिष्ट, विकास शाह, मयूख चौधरी, अशोक तड़ागी, आनंद अधिकारी के नेतृत्व में सदस्यता टीम का गठन किया गया। सभी टीमों को अलग-अलग वार्ड बनाकर शीघ्र सदस्यता अभियान पूरा कराने का आग्रह किया गया। बैठक में पिछले वित्त वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही नगर कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताईं। सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे से तिवारी होटल में बैठक रखी गई है। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी बसंत सिंह तड़ागी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

थ्री लेयर सुरक्षा घेरे में रहेगा स्ट्रांग रूम

▸▸ डीएम ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के बाद अब अल्मोड़ा जिले के फलसीमा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

स्ट्रांग रूम को थ्री लेयर सुरक्षा में रखा गया है। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर वहां सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रविवार की दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर फलसीमा स्थित आईटीआई में बनाए गए स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के लिए यहां पहुंचे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी फुटेज समेत सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी वहां तैनात अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई अनियमितता सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें और चौबीसों घंटे सतर्क रहें। उन्होंने इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को संस्थान के आसपास स्थित जंगलों में लग रही आग पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की कोई घटना सामने आने पर तत्काल फायर विभाग के अधिकारियों समेत जिला प्रशासन और निर्वाचन के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि सुरक्षा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अल्मोड़ा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर।

गोमती को नमामि गंगे योजना में शामिल करें

संवाददाता, बागेश्वर

▸▸ विधायक के माध्यम से सीएम को भेजेंगे ज्ञापन

अमृत विचार : यहां नदीगांव के लोगों ने गोमती नदी को नमामि गंगे परियोजना में शामिल किए जाने की मांग तेज हो गई है। नागरिकों ने रविवार को बैठक करके इस संबंध में विधायक से मिलने का निर्णय लिया गया।

नदीगांव में हुई बैठक में लोगों ने कहा कि नगर में सरकार द्वारा सरयू नदी के संरक्षण के लिए योजना चलाई गई है। नदी किनारे घाटों का निर्माण किया गया है परंतु गोमती नदी की उपेक्षा की जा रही है। कहा कि स्टेशन रोड स्थित कई मकानों व दुकानों का पानी नदी में गिर रहा है। प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। कहा कि गोमती नदी के संरक्षण के लिए ठोस योजना बनाई जाए। बैठक में सदस्यों ने गोमती नदी किनारे पूर्व में स्वीकृत सड़क का निर्माण किए जाने, घाटों का निर्माण किए जाने, नदी में कृत्रिम झील बनाए जाने, नगर पालिका का पूर्व में अधूरा बारात घर का निर्माण पूर्ण किए जाने की मांग की। बैठक में भगवती धपोला, हरीश चंद्र, रमेश चंद्र, नीमा देवी, हेमा देवी, अशोक कुमार, किशोर कुमार, निर्मला आदि उपस्थित थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज-तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

> इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

व्यंग्य

गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

> दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर-भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर

सुशोभित

> जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

महावीर जयंती

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हजार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो।

सोशल फोरम

सवेरा दस्तक देगा

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या?



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

-फेसबुक वॉल से

सगुन असगुन

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं, तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गरुड़ पुराण, अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता", अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया, वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह, तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

मुद्दा कितना कारगर

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नंवबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन

- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।



कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

पूर्वांचल के जिले : बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।



बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी

- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन** : यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।



	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	9,44,503
	सपा	सुरेश बंसल	4,43,003
	कांग्रेस	डॉली शर्मा	1,11,944

अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।

राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5 .5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4 .5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2 .5 लाख वैश्य, और 4 .5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1 .25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	मत प्रतिशत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	7,58,482	56 .50
	कांग्रेस	राजबब्बर	1,91,222	14 .25
	बसपा	मुकुल	1,73,085	12 .90
	सपा	सुधन कुमार	1,06, 984	7 .97
	आप	शाजिया इल्मी	89,147	6 .64



आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

आगरा। आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

अमृत विचार। जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।

हम भी जोश में बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट | वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

अमृत विचार। बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

2019 का परिणाम

भाजपा	आरके पटेल	4,77,926
सपा	श्यामा चरण गुप्ता	4,18,988
कांग्रेस	बाल कुमार पटेल	75,438

एक नजर

गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

ऊना। हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुंछ में सरकारी शिक्षक हैंड ग्रेनेड, पाक निर्मित पिस्तौल साथ गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आगामी चुनाव से पहले पुलिस ने सरकारी शिक्षक को ग्रेनेड और पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और पुंछ के विशेष ऑपरेशन समूह की टीम ने हरि बुद्ध इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। कमरउद्दीन नामक पंजीकृत ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू), जो सरकारी स्कूल में हेडमास्टर है, उसके घर से पाक निर्मित पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जब्त हथियारों का उपयोग आगामी चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के लिए किए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि अभी तलाशी चल रही है।

ऋण अधिकारी सहित दो गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में निजी फाईनेंस कंपनी की जमा राशि को हड़पने के लिए लूट की झूठी साजिश रचने वाले ऋण अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पन्दना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड शाखा बाड़ी में ऋण अधिकारी के पद पर काम करने वाले सायपुर, डहरा मोड थाना लखनपुर जिला भरतपुर निवासी लोकेश जाटव ने 16 अप्रैल को आंगई क्षेत्र के कुछ गांवों से फाइनेन्स का पैसा जमा कर आंगई से बाडी आते समय चिलाचैद टोल से आगे अपने साथ बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक लाख पांच हजार 750 रुपयों को लूट ले जाने की सूचना कम्पनी को दी गई। कम्पनी के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

चतरा (झारखंड)। झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

मंडल आयोग का विरोध करने वाली कांग्रेस से राजद ने मिलाया हाथः शाह

कटिहार, एजेंसी

● कटिहार में अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण देने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लोगों को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद जंगलराज का प्रतीक है। कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है।

क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाएगीः मोहन

भोपाल। दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। दूरदर्शन न्यूज के लोगोका रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है।

उलगुलान न्याय महारैली में दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

रांची, एजेंसी

● घटना में घायल हुए कांग्रेस उम्मीदवार के भाई ने कहा- मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

भाजपा ने गठबंधन की रैली में हुई झड़प को जंगल राज बताया

नई दिल्ली। भाजपा ने रांची में विपक्षी गठबंधन की रैली में हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में लोगों से चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद से चुनने में बहुत सावधान रहने के लिए कहा। प्रवक्ता ने कहा रांची में की रैली में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे पर कुर्सियां, मेज, स्टूल और लाठियां फेंकी गईं।

आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से माफी मांगी

हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग रह रहे हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था तथा जब भी उसे पैसों की जरूरत होती थी तो वह उन्हें फोन करता था। उन्होंने तीन महीने पहले अपने बेटे से बात की थी।

पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो युवकों को पकड़ा

हुबली। पुलिस ने नेहा हिरेमथ की फैयाज खोंदुनाइक द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों धारवाड़ के रहने वाले हैं। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी जबकि फैयाज उसका पूर्व सहपाठी है। पुलिस ने घटनास्थल से फरार हुए फैयाज को गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना से उत्पन्न आक्रोश के बीच हुबली, धारवाड़ और कई अन्य स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन किया।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर 22 को पुनर्मतदान

इंफाल, एजेंसी

चुनाव आयोग ने मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान का आदेश दिया है। इंडिया समूह की अगुवाई कर रही कांग्रेस ने आयोग से शिकायत दर्ज की थी और 47 केंद्रों पर पुनर्मतदान करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हथियारबंद लोगों ने चुनाव अधिकारियों पर हावी होकर एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। खुरई विस क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय, खुरई थांगजाम लीकाई, क्षेत्रीगाओ विस क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायनियर अकादमी, बामन कंपू, रिलबुंग उच्च विद्यालय (उत्तरी विंग), बामन कंपू (दक्षिण पश्चिम), इरिलबुंग उच्च विद्यालय, बामन कंपू, थोंगजू एसी में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल, खोंगमान जोन, उरीपोक विस क्षेत्र में इरोइसेम्बा उच्च प्राथमिक विद्यालय, इरोइसेम्बा यूपीएस और इरोइसेम्बा यूपीएस और कोंथौजम विस क्षेत्र में खैदेम प्राथमिक विद्यालय, खैदेम माखा केंद्र शामिल हैं। मणिपुर में पहले चरण में दोनों सीटों के 47 विस क्षेत्रों में 72.17 प्रतिशत मतदान हुआ।

उप्र में 5 बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्टों पर एक करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप्र के मुजफ्फरनगर जिले में गड्ढों में गिरने से पांच बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्ठों पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी मां भगवती ब्रिक फील्ड और श्रीराम ब्रिक फील्ड के अवैध खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पिछले साल 27 जून को 3, 8, 10 और 12 साल के चार बच्चे दो मीटर के गड्ढे में डूबे थे। अगले महीने 13 वर्षीय लड़के की मौत हुई थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मां भगवती 3 और श्रीराम ब्रिक दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार है। भट्टे मृत बच्चे के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दें।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 65-75 मसूरी- 48 बासमती- 96-102 दाल दलहन : काला चना- 76 साबुत चना दाल- 69-90 मूंग साबुत- 123-130 राजमा- 135-145 दाल उड़द- 110-122 साबुत मसूर दाल- 74-100 मसूर दाल- 78-105 उड़द साबुत- 124-140 काबुली चना- 115-130 अरहर दाल- 167 लोबिया/करमानी- 102-125 सोयाबीन- 70 मूंगफली- 72 मटर (सूखी)- 53-64 मक्का- 21

अल्ट्राटेक ने ग्राइंडिंग यूनिट का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ में ग्राइंडिंग यूनिट का अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए 504 करोड़ का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को बताया कि 315 करोड़ में इंडिया सीमेंट से महाराष्ट्र के परली में कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन क्षमता वाली ग्राइंडिंग के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

● मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

नई दिल्ली, एजेंसी

● अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

नई दिल्ली। भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

नई दिल्ली। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।

वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

साई की फिरकी में फंसी पंजाब की टीम

- पंजाब किंग्स ने गुजरात को दिया 143 रनों का लक्ष्य, किशोर ने चटकाए 4 विकेट

मुल्लांपुर, एजेंसी

आर साई किशोर की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनरों ने पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को नेस्तनाबूद करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे 142 रन पर आउट कर दिया। इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए। इसके बाद साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने ही नहीं दिया।

साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। वहीं लियाम लिविंगस्टोन छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप में कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस सत्र में पंजाब के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

पंजाब को सस्ते में ढेर करने के बाद खुशी मनाते गुजरात टाइट्ंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी

केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू



शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।



विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

कोलकाता 222/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज	48	14	7/3
नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल	10	15	2/0
रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल	3	4	0/0
वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन	16	8	3/0
श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन	50	36	7/1
रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन	24	16	2/1
आंद्रे रसल नाबाद	27	20	4/0
रमनदीप सिंह नाबाद	24	9	2/2

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2

बेंगलुरु 221/10 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का एवं बो हर्षित	18	7	1/2
फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती	7	7	1/0
विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल	55	32	4/5
रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल	52	23	3/5
कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण	6	4	0/1
सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित	24	18	3/0
महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण	4	3	1/0
दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल	25	18	3/1
कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क	20	7	0/3
मोहम्मद सिराज नाबाद	0	0	0/0
लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट	1	1	0/0

गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

खेल डायरी

रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब

स्टटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा

चुंगजू। बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

टोरंटो। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।

चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

बॉलीवुड हलचल

'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश

बिश्केश (किर्गिस्तान)। ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

संसदीय चुनाव में मुइज्जू की साख दांव पर

माले एजेंसी

● मालदीव में मतदान पर भारत की करीबी नजर, केरल में बने 3 बूथ

मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव हुए हैं। ये चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, मुइज्जू की भारत विरोधी नीति को लेकर वहां के लोगों में नाराजगी है। मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर है, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मुइज्जू ने चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। बता दें कि मालदीव के चुनाव के नतीजे देर रात आ सकते हैं। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में मुइज्जू ने भारत

रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था।

मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतार रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है।

चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोग मतदान करेंगे और देर रात नतीजे आ सकते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू के चुनाव अभियान का विषय "इंडिया आउट" था, जिसमें उन्होंने पिछले राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक प्रभाव देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे, जिन्हें मुइज्जू ने हटा दिया। सैनिकों का काम भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करना और समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव में सहायता करना था।

श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।

● मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।

● अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग

पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

एक नजर

पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

रावलपीडी। पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

वाशिंगटन। नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर लगाएगा प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक तरफ इजराइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इजराइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है।

ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने



बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

काठमांडू। नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

ग्लेशियर गश्ती दौड़

स्विट्जरलैंड: एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

● चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019

व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

नई दिल्ली। न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई।

मौसम हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान 45 के पार जा सकता है।

देश में रविवार को ओडिशा का बौध 44.3 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है।

दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश

लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है। वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। भरमौर, चंबा में 25, तीसा में 24, सोलन में 25, राजगढ़ में 20, कल्पा में 21, रेणुका, रिकांगपिओ, डलहौजी, कोकसर शीलारू में 1919, नादीन में 18 शिमला में 13 और रोहड़ू में 15 एमएम बारिश हुई है।

इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर भारी ओलावृष्टि हुई है जिससे सेब की फ्लोरिंग को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग में 26 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह खराब बने रहने की संभावना जताई है। इस बीच 22 और 23 अप्रैल को भारी बारिश और ओलावृष्टि का फिर से बलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को शिमला में भी धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे।

मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

न्यू कैसल (ब्रिटेन)। रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा।

पाकिस्तान: सैन्य निगरानी में हुआ 21 सीटों पर उपचुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान के पंजाब-पख्तूनख्वा में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा।

इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।